हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, सोमवार 6 अप्रैल 2026

11 शिविर में 700 से अधिक लोगों ने स्वास्थ्य ...

12 टोल फ्री को लेकर महापंचायत ने मैनेजर को ...









## खबर संक्षेप

### पिट्ठू बैग में शराब ले जा रहे युवक को दबोचा

**भिवानी।** थाना शहर भिवानी पुलिस ने व्यक्ति को बाइक पर अवैध शराब ले जाते हुए गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। यह सफलता पुलिस चौकी जैन चौक के मुख्य सिपाही आजाद की टीम को मिली है। पुलिस टीम ने आरोपी को हनुमान मंदिर क्षेत्र तेलीवाड़ा के पास नाकाबंदी कर दबोचा है। तलाशी लेने पर आरोपी के पिट्ठू बैग से 24 बोतल देसी शराब बरामद हुई। गिरफ्तार आरोपी की पहचान जितेंद्र पुत्र मुनीम निवासी कोंट रोड, दादरी गेट भिवानी के रूप में हुई है।

### मादक पदार्थ हेरोइन के साथ एक गिरफ्तार

**भिवानी।** पुलिस की एंटी नारकोटिक्स सैल भिवानी की टीम ने व्यक्ति को मादक पदार्थ हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस की एंटी नारकोटिक्स सैल भिवानी के उप निरीक्षक अमरजीत सिंह की टीम को गश्त के दौरान यह सफलता मिली है। तलाशी लेने पर आरोपी के कब्जे से 12 ग्राम मादक पदार्थ हेरोइन बरामद हुई। गिरफ्तार आरोपी की पहचान सन्नी पुत्र प्रेम कुमार निवासी वार्ड नंबर- 5, बवानी खेड़ा के रूप में हुई है।

### राममोहन हत्याकांड का आरोपी पकड़ा

**भिवानी।** थाना औद्योगिक क्षेत्र भिवानी पुलिस ने राममोहन हत्या मामले में मुख्य आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। मनोज निवासी उत्तर प्रदेश ने थाना औद्योगिक क्षेत्र भिवानी में शिकायत दर्ज करवाई थी। शिकायतकर्ता ने बताया कि वे अपने साथियों के साथ खेत में कार्य करने के लिए आए हुए थे। 2 अप्रैल की रात उनका साथी राममोहन पास में हुक्का भरने के लिए गया था, जहां उसकी आरोपी कश्मीर के साथ कहासुनी हो गई। आरोपी ने राममोहन पर डंडे से हमला कर गंभीर चोटें पहुंचाईं। घटना के बाद घायल राममोहन को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसी मामले में थाना औद्योगिक क्षेत्र भिवानी के प्रभारी उप निरीक्षक देवेंद्र कुमार की टीम ने मुख्य आरोपी को संजय कॉलेज के पास से गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान कश्मीर निवासी गुलजारपुर, जिला उधम सिंह नगर (उत्तराखंड) के रूप में हुई है।

### सीआईए स्टाफ ने हेरोइन के साथ किया गिरफ्तार

**भिवानी।** पुलिस सीआईए स्टाफ प्रथम भिवानी की टीम ने व्यक्ति को मादक पदार्थ हेरोइन के साथ गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। सीआईए स्टाफ प्रथम भिवानी के सहायक उप निरीक्षक कृष्ण कुमार की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर आरोपी को नाकाबंदी कर दबोचा था। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 21 ग्राम मादक पदार्थ हेरोइन बरामद हुई। गिरफ्तार आरोपी की पहचान हरीश पुत्र सुभाष निवासी मुल्तानी चौक हिसार, हाल निवासी नायब धर्मशाला सिवानी के रूप में हुई है।

### कॉलोनीवासियों की शिकायत पर भाजपा जिला अध्यक्ष ने क्षेत्र का दौरा किया

# डाबर कॉलोनी में सीवर का पानी सड़कों पर,लोगों की बढ़ी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

**विरेंद्र कौशिक ने कहा जनता के कामों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं**

शहर की डाबर कॉलोनी के पूर्ण खेड़ा स्थित गली नंबर 27 के निवासियों को लंबे समय से व्याप्त सीवर जाम से जल्द निजात मिलने वाली है। कॉलोनीवासियों की शिकायत पर संज्ञान लेते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष विरेंद्र कौशिक ने क्षेत्र का दौरा किया और अधिकारियों को समाधान किए जाने की बात कही। कॉलोनीवासियों द्वारा सीवर ओवरफ्लो और गंदगी की समस्या से अवगत कराए जाने के बाद भाजपा जिला अध्यक्ष विरेंद्र कौशिक रविवार को स्वयं स्थिति का जायजा लेने डाबर कॉलोनी पहुंचे। इस दौरान उनके साथ पार्षद सुभाष तंवर और पार्षद संदीप यादव भी मौजूद रहे। पार्षद सुभाष तंवर ने जिला अध्यक्ष को स्थिति से अवगत कराया तथा स्थानीय लोगों को आ रही स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियों के बारे में विस्तार से बताया। जिसके बाद विरेंद्र कौशिक ने तुरंत विभाग के जेई पंकज को मौके पर ही बुलाया। उन्होंने कहा कि जनता के हितों को लेकर भाजपा जरा सी भी कोताही बर्दाश्त नहीं करेगी। इसके उपरांत जिला अध्यक्ष ने फोन पर एक्सईएन धनखड़ और एसई सुनील रंगा से बात की। उन्होंने कहा कि अगले 7 दिनों के भीतर सीवरेज व्यवस्था को पूर्ण रूप से दुरुस्त किया जाए तथा भविष्य में जलभराव न हो, इसके लिए भी पुख्ता इंतजाम किए जाएं। विरेंद्र कौशिक ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार का मुख्य ध्येय अंतिम पंक्ति में बैठे व्यक्ति तक सभी मूलभूत सुविधाएं पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार सबका साथ-सबका विकास के मूल मंत्र पर चलती है। हमारे लिए जनता की सेवा सर्वोपरि है। पार्टी का प्रत्येक पदाधिकारी और कार्यकर्ता इस नारे को जमीन पर सार्थक करने के लिए दिन-रात कार्य कर रहा है। इस मौके पर अंकित पालवास और अभिषेक भारद्वाज भी मौजूद रहे।





### बवानीखेड़ा में गंदे पानी की निकासी के नाले बंद शहीद गुलाब सिंह पार्क के सामने भरा पानी

**बवानीखेड़ा।** बवानीखेड़ा में गंदे पानी की निकासी के लिए बने नाले बंद होने के कारण कई स्थानों पर गंदा पानी जमा हो गया है। विशेष रूप से शहीद गुलाब सिंह पार्क, नागरिक अस्पताल और नगर पालिका (एमसी) कार्यालय के सामने लंबे समय से गंदा पानी जमा है, जिससे आम लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बिट्टू, अशोक, जोगेन्द्र, रमन, मडदू आदि का कहना है कि नालों की नियमित सफाई नहीं होने के कारण पानी की निकासी बाधित हो गई है। परिणामस्वरूप गंदा पानी सड़कों पर फैल रहा है और बदबू के कारण आसपास के दुकानदारों व राहगीरों को दिक्कत हो रही है। नागरिक अस्पताल में आने वाले मरीजों और उनके परिजनों को भी इस गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ता है, जिससे संक्रमण फैलने का खतरा बना हुआ है। क्षेत्र के लोगों ने बताया कि इस समस्या के लिए नपा कर्मचारियों को भी कार्यालय जाने के लिए जुझना पड़ रहा है हालांकि नपा सफाई कर्मचारी कार्य में लगे हुए दिखाई देते हैं लेकिन पानी निकलने का नाम नहीं ले रहा है।

## शहर में 28 लाख से पांच गलियों का होगा निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

■ नप चेयरमैन बख्शी राम सैनी ने नारियल फोड़कर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया

शहर के वार्ड नंबर 4 में 28 लाख रुपये की लागत से पांच गलियों के निर्माण कार्य का विधिवत शुभारंभ किया गया है। इस मौके पर नगर परिषद चेयरमैन बख्शी राम सैनी ने नारियल फोड़कर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया।

कार्यक्रम में वाइस चेयरमैन संदीप फौगाट , पार्षद वीरेंद्र जोगी, नप पार्षद विनोद बाल्मीकि , हरि प्रकाश लांबा, सतीश बजाज सहित वार्ड के अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। स्थानीय लोगों ने लंबे समय से खराब पड़ी गलियों के निर्माण को लेकर खुशी जाहिर की और नगर परिषद का आभार व्यक्त किया है। चेयरमैन बख्शी राम सैनी ने कहा कि शहर के प्रत्येक वार्ड में समान रूप से विकास कार्य करवाना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि वार्ड नंबर 4 की गलियों के निर्माण से लोगों को आवागमन में राहत मिलेगी और क्षेत्र का समग्र विकास होगा। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में भी नगर परिषद द्वारा विकास कार्यों की गति को और तेज किया जाएगा। चेयरमैन ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि राज्य सरकार शहरी विकास के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

## सांसद ने नई अनाज मंडी का किया दौरा, लिया फीडबैक

**किसानों और आढ़तियों की समस्याएं सुनीं और व्यवस्थाओं में सुधार के लिए सुझाव भी लिए**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र के सांसद चौधरी धर्मवीर सिंह ने रविवार को भिवानी की नई अनाज मंडी का दौरा कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने आढ़तियों, किसानों तथा संबंधित विभागों के अधिकारियों से बातचीत कर मंडी में चल रही व्यवस्थाओं को लेकर फीडबैक लिया।

सांसद ने विशेष रूप से गेहूं और सरसों की नई आवक को ध्यान में रखते हुए मंडी की स्थिति का निरीक्षण किया और यह सुनिश्चित करने का प्रयास किया कि किसानों और व्यापारियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने मौके पर मौजूद किसानों और आढ़तियों से उनकी समस्याएं सुनीं और व्यवस्थाओं में सुधार के लिए सुझाव भी लिए। चौधरी धर्मवीर सिंह ने कहा कि मंडी में फसल खरीद के दौरान यदि किसी भी प्रकार की समस्या सामने आती है, तो उसे तुरंत संबंधित अधिकारियों और सरकार के संज्ञान में लाया जाए। उन्होंने कहा कि किसानों को उनकी फसल का उचित मूल्य समय पर देना सरकार की प्राथमिकता है । इस दौरान संबंधित विभागों के अधिकारियों को भी निर्देश दिए गए कि वे मंडी में खरीद प्रक्रिया को सुचारू रूप से संचालित करें और किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि मंडी में साफ-सफाई, तौल व्यवस्था, भुगतान प्रक्रिया और अन्य जरूरी सुविधाओं को बेहतर बनाए रखना आवश्यक है। सांसद ने आश्वासन दिया कि किसानों और आढ़तियों से प्राप्त फीडबैक को उच्च अधिकारियों व सरकार के समक्ष रखा जाएगा, ताकि समय रहते समस्याओं का समाधान किया जा सके और खरीद प्रक्रिया पारदर्शी व सुगम बनी रहे।



**भिवानी।** अनाजमंडी में आढ़तियों से बातचीत करते सांसद धर्मबीर सिंह। फोटो : हरिभूमि

### मेजबानी पर मेहमानी पड़ी भारी, राष्ट्रीय महिला छात्र संसद प्रतियोगिता संपन्न

# ओवरऑल ट्रॉफी पंजाब की लवली यूनिवर्सिटी ने जीती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय में एआईयू द्वारा विकसित भारत 2047 में नारी की भूमिका विषय पर आयोजित तीन दिवसीय राष्ट्रीय महिला छात्र संसद प्रतियोगिता में मेजबानी पर मेहमान भारी पड़े। एआईयू की ओवरऑल विजेता की ट्रॉफी पंजाब की लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी ने जीती।

वहीं प्रथम रनर अप ट्रॉफी मणिपुर यूनिवर्सिटी ने, द्वितीय रनर अप ट्रॉफी चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय ने, तृतीय रनर अप जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर ने जीती। बेस्ट स्पीकर का अवार्ड लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी पंजाब के नाम ही रहा। बेस्ट प्रेसिडेंट मणिपुर यूनिवर्सिटी मणिपुर ,बेस्ट प्राइम मिनिस्टर अवार्ड पारुल यूनिवर्सिटी गुजरात ने हासिल किया। बाद में कार्यक्रम की आयोजक सीबीएलयू की तरफ से विजेता टीमों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। कुलगुरु प्रो. दीप्ति धर्माणी ने कहा कि संसद कानून एवं नीतियों को बनाने के लिए सबसे उच्च संस्थान है। राष्ट्रीय महिला छात्र संसद के आयोजन का मुख्य उद्देश्य महिलाओं में नेतृत्व के गुण विकसित करने, संसदीय अधिकार और महिला सशक्तिकरण, लोकतांत्रिक मूल्यों, नेतृत्व कौशल और नागरिक सहभागिता को बढ़ावा देना है। कुलगुरु प्रो. दीप्ति ने कहा कि भारत विश्व के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देशों में से एक है। इस अवसर पर डीन प्रो. संजीव कुमार, प्रो. ललिता गुप्ता,प्रो. दिनेश मदान,प्राचार्य डॉ. संजय गोयल, डॉ अदम्यवीर, डॉ. सोलन शेखावत, डॉ वेदप्रकाश, डॉ मुकेश यादव,डॉ हुकमचंद,प्रो मयंक किंगर,डॉ. सोनिया ग्रोवर,डॉ. मीरा,डॉ प्रीति,डॉ. कल्पना आदि उपस्थित रहे।



**भिवानी।** प्रतियोगिता में विजेता टीम को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### महिलाएं अधिकारों के प्रति हो जागरूकः सुदेश छिक्कारा

महिलाएं अपने अधिकारों के प्रति जागरूक हो, अपने अंदर बेहतर नेतृत्व के गुण विकसित करें। यह विचार भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय की कुलगुरु प्रो. सुदेश छिक्कारा ने चौधरी बंसीलाल विवि में एआईयू द्वारा विकसित भारत 2047 में नारी की भूमिका विषय पर आयोजित राष्ट्रीय महिला छात्र संसद के समापन समारोह में महिला छात्र संसद प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहे। उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण एवं महीला सशक्त नेतृत्व की दिशा में यह छात्र संसद महत्वपूर्ण कार्यक्रम है । उन्होंने उम्मीद जताई कि यह महिला छात्र संसद बहुत उपयोगी साबित होगी। उन्होंने प्रतिभागियों से विकसित भारत 2047 में पूर्ण सहभागिता का आह्वान किया। उन्होंने महिला छात्र संसद को एक बेहतर मंच बताया। उन्होंने महिला छात्र संसद के सफल आयोजन के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन एवं आयोजन टीम को बधाई दी।

### पीड़ित परिवार के बच्चों को नौकरी देने की घोषणा पर सीएम का आभार जताया



**भिवानी।** धानक जनकल्याण मंच के प्रदेश अध्यक्ष संदीप खरकिया ने कहा कि सफीदों में पटाखा फैक्ट्री में धानक समाज से जुड़ी 12 महिलाओं की मौत पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पीड़ित परिवार के बच्चों को नौकरी देने की घोषणा पर धानक जनकल्याण मंच ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का आभार व्यक्त किया। जारी प्रेस बयान में संदीप खरकिया ने कहा कि मंच ने घटना वाले दिन से ही इस मामले को लेकर सरकार एवं प्रशासन के समक्ष बड़े जोरदार ढंग से उठाया था आज उसी का परिणाम है कि मुख्यमंत्री ने सफीदों में पीड़ित परिवार के घर जाकर उनसे मुलाकात की और हर संभव बच्चों को शिक्षित करने पर नौकरी देने का आश्वासन दिया जो समाज की मृत्यु महिलाओं के परिवार को इसका लाभ मिलेगा संदीप खरकिया ने कहा कि सफीदों फैक्ट्री में जो 12 महिलाओं की मृत्यु हो गई थी इससे समाज को भी बड़ा धक्का लगा था लेकिन समाज ने भी प्रशासन एवं सरकार के साथ मिलकर पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने का कार्य किया है संदीप खरकिया ने प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंहसैनी, प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बडोली, कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी, मुख्यमंत्री के ओएसडी वीरेंद्र बड़खालसा, मुख्यमंत्री के मीडिया कोऑर्डिनेटर अशोक छाबड़ा, विधायक रामकुमार गौतम, एवं जिला जींद के प्रशासन का समाज की मदद करने का अहम योगदान रहा है ।

*हम वो हैं जो हमें हमारी सोच ने बनाया है, इसलिए इस बात का धयान रखिये कि आप क्या सोचते हैं। शब्द गौण हैं, विचार रहते हैं, वे दूर तक यात्रा करते हैं।*

**- स्वामी विवेकानंद**





कहानी

अर्चना कोचर

# विश्वास की कसौटी

*सुबह-सुबह एक तो पूरे घर को व्यवस्थित करके दफ्तर जाने की जल्दी, ऊपर से जवान लड़की को भीख मांगते देखकर रुचिका स्वयं पर नियंत्रण नहीं रख पाई और क्रोधाग्नि में जलते हुए -"सुबह-सुबह भीख मांगना शुरू कर देते हो। कुछ तो शर्म करो.., भरी जवानी में दो वक्त की रोटी भी कमाकर नहीं खा सकती हो...*



वह एक प्रतिष्ठित कारोबारी की बेटी थी, जो विदेश की एक कंपनी में काम करती थी। उसकी मां बिलखते हुए बोली-"बेटी, दो दिन पहले स्कूटी से शाम को शॉपिंग करने बाजार गई थी।'

सुबह-सुबह दरवाजे पर लगातार बजती घंटी से झुंझलाकर रुचिका ने गुस्से में दरवाजा खोला। सामने आधे फटे मैले-कुचैले कपड़ों में जवान लड़की खड़ी थी। चेहरा उतरा हुआ, होंठ फटे तथा आंखों में दहशत थी। वह लड़की उसे टुकुर-टुकुर देखने लगी। रुचिका माथे पर भौहें चढ़ाकर बोली-"अरी! बोलो क्या कहना है.. क्यों सुबह-सुबह टाइम खोटी कर रही हो..?" वह लड़खड़ाती जुबान में बोली -"मैं.. नि..धी.., घर..फोन, किराया.. पैसे..।' तभी साथ वाले पड़ोसी के जवान बेटे अभय और अभिनव को आते देखकर वह ऐसे ठिठकी, जैसे उसे सौ वोल्टेज का झटका लगा हो और खुद में सिमटने की कोशिश करने लगी। भय के मारे उसका चेहरा पीला पड़ गया। रुचिका के करीब आने के लिए वह दो कदम और आगे बढ़ी-जैसे कुछ कहना चाहती हो, पर शब्द गले में अटक गए हो। होंठ हिल रहे थे, पर जुबान साथ नहीं दे रही थी। उसकी आंखों और कांपते हाथों के इशारों में मदद की एक मूक पुकार थी। सुबह-सुबह एक तो पूरे घर को व्यवस्थित करके दफ्तर जाने की जल्दी, ऊपर से जवान लड़की को भीख मांगते देखकर रुचिका स्वयं पर नियंत्रण नहीं रख पाई और क्रोधाग्नि में जलते हुए -"सुबह-सुबह भीख मांगना शुरू कर देते हो। कुछ तो शर्म करो.., भरी जवानी में दो वक्त की रोटी भी कमाकर नहीं खा सकती हो.. और उसे अनदेखा करके फटाक से गेट बंद कर दिया।" और वह मन-ही-मन बड़बड़ाते हुए-"इन भोली-भाली शक्लों के पीछे शैतानी दिमाग के बड़े-बड़े षड्यंत्र चलते हैं।"

फिर पति मुकेश की तरह मुखातिब होते हुए -"अभिनव और अभय दोनों पुलिस और सीआईडी में है। उन्हें देखकर उस लड़की ने ऐसी प्रतिक्रिया दी जैसे चोरी पकड़े जाने पर गुनाह से मुकर रही हो।" मुकेश-"यह अकेले काम नहीं करती हैं। इनके पीछे इनका पूरा गैंग होता है। इनका ज्यादातर काम इशारों से ही चलता है।" आजकल ठगों के भी नए-नए तरीके हो गए हैं। मदद मांगने के बहाने घर के अंदर घुस आते हैं ।" रुचिका ने सिर हिलाया, लेकिन कहीं भीतर असली और नकली में एक द्वंद्व छिड़ गया-"क्या वाकई वह ठग थी..?" दो घंटे बाद कार से दफ्तर जाते हुए सड़क किनारे लगी भीड़ को देखकर रुचिका ने गाड़ी रोककर ऊंची-ऊंची आवाज में-"क्या हुआ..क्या हुआ..का शोर मचाकर सबका ध्यान अपनी तरफ आकर्षित करने लगी।' पास खड़े दुकानदार ने कहा -"सुबह से कोई लड़की गली में मदद की आस में इधर-उधर घूम रही थी, किसी से कुछ मांग रही थी। पर, कोई ध्यान नहीं दे रहा था। थोड़ी देर पहले यहीं गिर पड़ी।" वह फटाफट गाड़ी से उतरी और भीड़ के बीच सड़क पर उसी लड़की को बेहोश देखकर हैरानी से-"अरे! क्या हुआ इसे। दो घंटे पहले तो ठीक-ठाक थी। मेरे दरवाज़े पर भी आई थी, मदद मांग रही थी..। ठीक से बोल नहीं पा रही थी । शायद अपना नाम निधि बता रही थी, फोन और पैसे मांग रही थी। हो सकता है घर पर फोन करना चाह रही हो या घर जाने के लिए किराए के पैसे मांगने आई हो।" अब सुबह-सुबह सभी अपनी-अपनी दिनचर्या की आपा-धापी में व्यस्त होते हैं। इस बेचारी की मजबूरी कोई समझ नहीं पाया।" उस पर पानी के छींटें मारकर उसे होश में लाने की काफी कोशिश की गई, उसकी धड़कने धड़क रही थी, पर शरीर हरकत नहीं कर रहा था। रुचिका दफ्तर जाना भूल गई। दो-चार जवानों की मदद से उसे अपनी कार में डालकर फटाफट अस्पताल ले गई। उसके मन में आत्मग्लानी का बोध था-"उस बेचारी की जुबान में कंपन थी, हलक भी सूख रहा था। उसने इशारों में अपनी बात समझाने की कितनी कोशिश की थी-उस समय इसे दो घूंट पानी ही पिला देती।" काश! सुबह इसकी समय पर मदद कर दी होती। अंतर्द्वंद्व की ऊहापोह में उलझी—अब यह रुचिका क्या करती—रोज़ नए रूपों में होने वाले धोखे और ठगी की वारदातों ने तो जरूरतमंदों की मदद पर से भरोसा ही खत्म कर दिया है। अब इस मासूम निधि की सच्ची पुकार भी शक के घेरे में आ गई। तेरे मन के पेंडुलम में झूलती इस शक की सुई ने दांव पर लगा दी ना एक मासूम ज़िंदगी। रुचिका की बढ़-चढ़कर निधि की मदद के कारण पीजीआई के डॉ विपुल शाह ने -"क्या हुआ इसे...?"
रुचिका- "डॉ. साहब, पता नहीं, सड़क के किनारे बेहोश मिली है।" डॉ विपुल शाह-"फिर तो पुलिस केस बनेगा। क्या यह आपकी पहचान में है?"

रुचिका - "नहीं, फिर भावुक होते हुए - डॉ. साहब, आप पुलिस को सूचित कर दीजिए, लेकिन पहले इसका इलाज शुरू कीजिए।" डॉ. विपुल शाह-"कल को कोई समस्या हो गई तो बात हमारी नौकरी पर आ जाएगी। आप तो पढ़ी-लिखी समझदार हैं, आपको पता ही है मीडिया और पुलिस का..।" रुचिका - "डॉ. साहब, मैं गारंटी ले रही हूं। आप इसका इलाज शुरू करिए।" लेकिन साथ आए युवक-"मैडम, कल को कोई लफड़ा हो गया तो लेने के देने पड़ जाएंगे। ऐसे निर्णय जज्बातों में बहकर जल्दबाजी से नहीं लिए जाते।"
रुचिका-" सुबह इस बेचारी की मदद ना कर पाने के कारण इसकी रुकती सांसों पर लेने के देने तो अभी भी पड़ रहे हैं।"
युवक-"मैडम, पुलिस को आने दीजिए। केस की तहकीकात के पश्चात कोई फैसला लेना उचित होगा।"

रुचिका-" पर, तब तक बहुत देर हो जाएगी। अगर इसे कुछ हो गया तो, मैं तो जीते जी ही मर जाऊंगी।" वह निधि के इलाज में एक सेकेंड की देरी भी सहन नहीं कर पा रही थी, इसलिए उसकी निगाहें केवल निधि पर टिकी थी। डॉक्टरों के रोकने के बावजूद उसके कदम बार-बार उसके बेड की तरफ मुड़ जाते तथा उसकी धड़कनों की पुष्टि कर आते थे। पुलिस ने आते ही शीघ्रता से पूछताछ करके अपनी फाइल बना ली तथा डॉक्टर भी बड़ी तन्मयता से निधि के इलाज में जुट गए। उसकी लगातार उखड़ती सांसों के बावजूद उसकी जिंदगी के लिए धरती के भगवानों की उस सर्वशक्तिमान से जंग जारी रही। रुचिका वहीं बैठी रही तथा हाथ जोड़कर भगवान से प्रार्थना करती रही। हर बीतते पल के साथ उसे अपनी गलती का अहसास और भारी लगता जा रहा था और दिमाग स्कूल के गलियारे में पढ़ी 'हार की जीत' कहानी में घूम रहा था। बाबा भारती ने तो डाकू खड़क सिंह से यह वचन लिया था कि तुम दुनिया को यह मत बताना कि तुमने बाबा भारती से यह घोड़ा कैसे लिया है, वर्ना लोग अपाहिजों और दीन-दुखियों की मदद करना छोड़ देंगे। आज यही बात बिल्कुल यथार्थ हो गई है। पीड़ा की गहन अनुभूति में वह खुद से बड़बड़ाई - "बाबा भारती और सुल्तान तो हारकर भी जीत गए थे, पर यह रुचिका विश्वास की कसौटी पर.....।" पुलिस की तत्परता तथा नवयुवकों की सोशल मीडिया पर सक्रिय कोशिशों से निधि की पहचान मिल गई। वह एक प्रतिष्ठित कारोबारी की बेटी थी, जो विदेश की एक कंपनी में काम करती थी। पता लगते ही रोता-बिलखता पूरा परिवार अस्पताल आ गया। उसकी मां बिलखते हुए बोली-"बेटी, दो दिन पहले स्कूटी से शाम को शॉपिंग करने बाजार गई थी। स्कूटी पार्किंग में ही खड़ी रही और बेटी लौटकर नहीं आई। पास के पुलिस स्टेशन में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। पुलिस ने मुस्तैदी दिखाते हुए वहां के सीसीटीवी फुटेज की मदद से देखा - निधि शॉपिंग करके पार्किंग की तरफ जा रही है, तभी पीछे से बिना नंबर प्लेट के तेज गति से आती गाड़ी का दरवाजा खुला, किसी ने उसे गाड़ी के अंदर खींच लिया और गाड़ी सरपट भगा दी। अंधेरे के कारण सीसीटीवी कैमरे में किसी का भी चेहरा स्पष्ट नजर नहीं आया।" उसके मां-बाप से ज्यादा रुचिका सदमे में थी और जोर-जोर से बिलखते हुए-"उन दरिंदों के बराबर मैं भी कसूरवार हूं।" निधि के मां-बाप ने उसे प्यार से तसल्ली दी—"बेटी, खुद को दोष मत दो.. होनी अटल है।" डॉक्टरों के अनुसार- इसके साथ कई बार गैंगरेप किया गया है तथा यह दो दिन से भूखी-प्यासी भी है। लगता है चलती गाड़ी से धक्का दिए जाने के कारण इसके शरीर के अंदरूनी हिस्सों में आई गहरी चोटों का रक्तस्राव रुक नहीं रहा है। भीतर रक्त के थक्के जमने लगे हैं, जिससे स्थिति और गंभीर होती जा रही है। हाई बीपी के कारण अभी ऑपरेशन करना संभव नहीं है, इसलिए दवाइयों से इसे नियंत्रित करने की कोशिश की जा रही है। बेटी की हालत को देखते हुए उसके पापा उसे किसी अच्छे अस्पताल में शिफ्ट करने की विनती करने लगे, लेकिन उसकी नाजुक हालत को देखते हुए, पीजीआई के डॉक्टरों ने इसकी इजाजत नहीं दी ।

तभी डॉक्टर द्वारा निधि के होश में आने की खबर किसी चमत्कार से कम नहीं थी। अब सभी को उम्मीद की किरण नजर आने लगी तथा उसके इर्द-गिर्द जमा होकर भगवान का शुक्रिया अदा करने लगे। हम सबसे ज्यादा पुलिस को उसका बयान लेने की जल्दी थी। निधि होश में कम, बेहोशी में बड़बड़ाए जा रही थी—" छोड़ो.. छोड़ो.. दर्द.. हो.. रहा.. है.. तुम.. चार...गंदी..हरकत, मैं.. गाड़ी..से..कूद.." उसकी जुबान लड़खड़ा रही थी और वह जोर-जोर से सांसें ले रही थी। डॉक्टरों ने उसे नियंत्रित करने की बड़ी कोशिश की लेकिन उसकी जिंदगी फूलती सांसों से हार गई। जिंदगी की सरपट सड़क पर दौड़ती रुचिका अपने ही व्यंग्य बाणों से घायल थी-"दो वक्त की रोटी भी कमाकर नहीं खा सकती हो, कुछ तो शर्म करो, भरी जवानी में....।"

पुस्तक समीक्षा

## सामाजिक प्रतिबद्धता व कलात्मक संतुलन है 'सदियों में गुज़रते पल'



समीक्षक

डॉ. कुमुद रामानंद बंसल

डॉ. नीरू मित्तल 'नीर' का लघुकथा संग्रह 'सदियों में गुजरते पल' समकालीन हिंदी साहित्य में समय, समाज और संवेदना के अंतरसम्बंधों का गहन और सुस्पष्ट दस्तावेज है। यह कृति क्षणिक घटनाओं के पीछे छिपी उन संरचनात्मक सच्चाइयों को उद्घाटित करती है, जिनकी टीस सदियों तक बनी रहती है। शीर्षक का द्वंद्व 'पल' और 'सदियां'- व्यक्तिगत पीड़ा और सामूहिक स्मृति के बीच तनाव रचता है; यही तनाव इस संग्रह की वैचारिक धुरी भी है। विधागत दृष्टि से यह संग्रह समकालीन लघुकथा परंपरा में विवेक-प्रधान और नैतिक प्रश्नोन्मुख प्रवृत्ति का प्रतिनिधित्व करता है। यहां कथाएं घटना-प्रधान सनसनी नहीं रचतीं, बल्कि विवेक को उकसाती हैं। लेखिका का सरोकार मनुष्य से है- उस मनुष्य से जो व्यवस्था में पिसता भी है और कभी-कभी उसी व्यवस्था का औज़ार भी बन जाता है। इसीलिए इन लघुकथाओं में प्रत्यक्ष उपदेश नहीं, बल्कि नैतिक असहजता का निर्माण है। संग्रह की उद्घाटन कथा 'सौदागर' सत्ता और राजनीति के यथार्थ को तीखे रूपक में ढालती है- जहाँ कंबल और राशन के बदले "दिमाग और आत्मा" खरीदे जाते हैं। सांप्रदायिक उन्माद पर आधारित 'अल्लाह और ईश्वर बह गए' में धर्म, भीड़ और हिंसा का गठजोड़ मानवीय विवेक को रक्तरंजित यथार्थ में बदल देता है। 'मैं ज़िंदा हूँ' तंत्र की त्रुटियों को इस हद तक उजागर करती है कि जीवित व्यक्ति अपनी पहचान से वंचित हो जाता है- यह संवेदनहीन व्यवस्था की तीखी आलोचना है। इस संग्रह का एक महत्त्वपूर्ण आयाम भीड़-मानसिकता और तमाशबीन समाज का विश्लेषण है। शिल्प की दृष्टि से लघुकथाएं सधी हुई हैं- भाषा सरल, संवाद स्वाभाविक और संरचना कसावपूर्ण। अंत चौंकाने के लिए नहीं, बल्कि सोच को गहरा करने के लिए आते हैं। डायरी-शैली, एकालाप और मानवेत्तर दृष्टि जैसे प्रयोग वैविध्य देते हैं, पर कथ्य पर हावी नहीं होते। इन रचनाओं की एक बड़ी शक्ति मौन का सौंदर्य है- शब्दों के बीच की रिक्तियां बोलती हैं, और वही अर्थ को गाढ़ा करती हैं। समग्रतः, सदियों में गुजरते पल समकालीन हिंदी लघुकथा को वैचारिक गहराई, सामाजिक प्रतिबद्धता और कलात्मक संतुलन प्रदान करने वाला सशक्त संग्रह है। इसे पढ़कर पाठक राहत नहीं, असुविधा के साथ उठता है और यही गंभीर साहित्य की सबसे बड़ी सफलता है। यह कृति सहानुभूति से आगे बढ़कर आत्मपरीक्षण और नैतिक उत्तरदायित्व की मांग करती है; इसी में इसकी स्थायी साहित्यिक महत्ता निहित है।



डॉ. नीरू मित्तल 'नीर'

कवि कॉर्नर

कविता | डॉ. कमलेश मलिक



## समय की धार

सुपर पावर देश का बन स्वामी महान
ट्रंप ले आया हास्य विनोद का सामान
चार्ली चैपलिन से करतब दिखा- दिखा
तान लिया है उसने कीर्ति का वितान

चाहा था शांतिदूत का मिले पुरस्कार
अब भर रहा प्रतिदिन युद्ध में हुंकार
रह गया उलझ कर अपने ही जाल में
कमजोर नहीं दुश्मन , दे रहा ललकार


वर्चस्व जमाने कभी पहुंचा था वियतनाम
आठ साल लड़कर भी हुआ था नाकाम
अफगानिस्तान ने भी छक्के छुड़ा दिए भाग
कर आकाश का आंचल लिया थाम।

इज़राइल ने खींच लिए अपने तीर कमान
ट्रंप महाशय हंस कर बदलते रोज बयान
कूटनीति या पटाक्षेप ? है विश्व अचंभित
रही-सही साख कहीं ना ले बैठे ईरान!

निष्फल सारे हो गये महाशक्ति के वाण
कोई चारा नहीं जो मिले तेल की खान
काट के घोड़े कहां लड़ें मैदानी जंग
अमरीकी जनता दे दे अपने गुरु को ज्ञान

चिंतक की मुद्रा में है भारत का व्यवहार
नाप रहा है, तोल रहा वह समय की धार
तूफ़ानी आहट का है आभास उसे भी जो
नौका पार उतारे वह ढूंढ रहा पतवार।

कविता | सुधीर ढांडा कौल



## सांसें भी घुटने लगी

अब धीरे धीरे गर्मी बढ़ने लगी है,
देखो हर चीज अब तपने लगी है।

बिन बिजली के गाँव व शहर में,
देखो सांसें भी अब घुटने लगी हैं।

घर से बाहर कोई कैसे निकले,
गर्म गर्म हवाएं जो चलने लगी हैं।

लोग अपने घरों में दुबकने लगे,
बाजारों की रौनक भी खोने लगी हैं।

गर्मी से पशु पक्षी सब हाँपने लगे,
तालाब बावड़ी सब सूखने लगी हैं।

जानवर जंगल से दूर भागने लगे,
जंगल में आग जो सुलगने लगी है।

होंठ सूखे से रहते हैं अब 'सुधीर,
अब प्यास भी ज्यादा लगने लगी है।



# नौरंगीलाल को मिल गया टिकट

व्यंग्य | मधुकांत

*पूरे क्षेत्र का सर्वेक्षण करवाया गया है, जिसमें सबसे अधिक ईमानदार व्यक्ति आपको ही पाया है, इसलिए नेताजी ने कल आपको पार्टी कार्यालय में बुलाया है।*

नौरंगीलाल शाम को अपने ड्राइंग रूम में बैठे टीवी पर समाचार देख रहे थे। लोकसभा के चुनाव की घोषणा हो चुकी, आचार संहिता लग गई। नौरंगीलाल 10 वर्ष से कच्चे कर्मचारियों के रूप में काम कर रहा है अर्थात 10 वर्ष से उसके सिर पर कच्चे धागे से बंधी तलवार लटक रही है। 10 वर्ष पुराना धागा कमजोर हो चुका है, फिर भी न जाने कब टूट जाए और तलवार उसके सिर पर गिरे और वह लहूलुहान हो जाए।

चुनाव की घोषणा से पूर्व 10 वर्ष पुराने कर्मचारियों को पक्का आश्वासन दे रखा था कि उनको पक्का कर दिया जाएगा। प्रतिदिन अखबार में शुभ समाचार सुनने के लिए उसकी आंखें थक गई थी। शुभ समाचार तो नहीं आया परंतु एक दिन अचानक चुनाव की तारीख घोषित हो गई। नारंगी लाल के सिर पर लटकती तलवार लटकती ही रह गई। समाचारों से विरक्त नौरंगी आजकल धार्मिक चैनल देखने लगे। आज भी वह आस्था चैनल पर भगवान राम को सीता हरण के बाद विलाप करते हुए देख रहे थे, तभी अचानक द्वार पर दस्तक हुई। सीता को उठाकर अट्टास करते रावण का दृश्य देखकर नौरंगीलाल घबरा सा रहा था। इस घबराए मन से उठकर उसने द्वार खोला तो पांच खद्दरधारी नेताओं को देखकर चौंक गया, क्या मालूम रावण की भांति यह भी भेष बदलकर आए हों। आधा द्वार खोलकर उसने पूछा कहिए जनाब। अरे नौरंगीलाल जी, हम तो आपके लिए खुशखबरी लाए हैं और आप मिठाई खिलाने के बदले अभी तक हमें द्वार पर ही रोक हुए हो। द्वार के सामने से हटते हुए नौरंगीलाल ने पूछा क्या खुशखबरी है भाई मेरे लिए। पांचों खद्दरधारी अंदर जाकर सोफे पर बैठ गए। नेताजी यानी एमपी साहब इस चुनाव में आपको अपनी पार्टी से टिकट दिलवाना चाहते हैं। मुझे...मुझे क्यों भाई, नारंगी के चेहरे पर आश्चर्य से हवाइयां उड़ने लगी। ... क्योंकि आप इस क्षेत्र के सबसे ईमानदार व्यक्ति हो, हमारी पार्टी का नाम भी ईमानदार पार्टी है इसलिए एमपी साहब ने फैसला किया है कि अपने क्षेत्र के सबसे ईमानदार व्यक्ति से चुनाव लड़वाएंगे। पूरे क्षेत्र का सर्वेक्षण करवाया गया है, जिसमें सबसे अधिक ईमानदार व्यक्ति आपको ही पाया है, इसलिए नेताजी ने कल आपको पार्टी कार्यालय में बुलाया है नारंगीलाल जी मेरा नाम रामधन है, चुनाव जीतने के बाद आप हमको भूल नहीं जाना। नौरंगीलाल के सीने में आत्मविश्वास भर गया। चुनाव के लिए धन कहां से आएगा उन्होंने अपनी शंका प्रकट की। नौरंगीलाल जी, आप चिंता न करें नेताजी को सब पता है। ईमानदार आदमी के पास धन नहीं होता इसलिए आप पार्टी फंड से चुनाव लड़ेंगे।

नारंगी ने कभी सोचा भी नहीं था कि बिल्ली के भागों से चिक टूट पड़ेगा। यूं स्कूल में हिंदी अध्यापक ने एक बार निबंध लिखवाया था कि यदि मैं शिक्षा मंत्री बन जाऊं, निबंध में सबसे अधिक अंक उसके ही आए थे। नारंगी लाल ने कहा कि भाई साहब, आपकी बात तो ठीक है, अपने देश में नेताजी तो ईमानदार होने ही चाहिए, फिर भी भाई साहब, एक बार मैं अपनी पत्नी से पूछ लेता हूं क्योंकि मैंने उनके साथ सात फेरे लेते हुए वचन दिया था कि विशेष फैसलों का निर्णय लेते हुए मैं उनकी सलाह अवश्य लूंगा। उत्साह से नौरंगी लाल अंदर कमरे में चले गए। पत्नी भी दरवाजे की ओर खड़ी सब सुन रही थी। नौरंगी का कमीज खींच कर कोने में ले गई और बोली कि तुरंत हां कर दो जी, ऐसा मौका बार-बार नहीं आएगा। एक बार चुनाव जीत गए तो जन्म-जन्म की गरीबी धुल जाएगी। अरे क्या कह रही हो, ईमानदारी के कारण तो हमको टिकट मिल रहा है और तुम क्या बात करती हो। सब नेता लोग ईमानदार ही होते हैं और कोई व्यवसाय व्यापार भी नहीं करते, फिर भी उनकी धन-संपत्ति बढ़ती ही रहती है। जाओ, जल्दी से हां कर दो... कहते हुए पत्नी ने नौरंगी लाल को बाहर की ओर धकेल दिया। बैठक में पहुंचते ही नौरंगी लाल ने कहा कि टीनू की मम्मी ने हां कर दी है।

बहुत अच्छा... अब आपका टिकट पक्का समझो, हां चुनाव जीतकर हम पांचों को भूल नहीं जाना। मेरा नाम धनीराम है और कल 10:00 बजे आप तैयार रहना, मैं आपको गाड़ी में अपने साथ पार्टी कार्यालय ले जाऊंगा। तीसरे खद्दरधारी ने कहा ..अब हम चलते हैं। अरे भाई, कुछ चाय-नाश्ता नहीं करोगे क्या? नौरंगी ने औपचारिकतावश कहा। कल आपके साथ पार्टी कार्यालय में ही पार्टी करेंगे, पांचों खद्दरधारी हाथ मिलाकर बाहर निकल गए। उनके जाते ही नौरंगी की पत्नी तुरंत आ धमकी। टीनू के पापा, कमाल हो गया। अब आप बन जाओगे मंत्री जी लोग मुझे भी मंत्रानी जी पुकारेंगे। ईमानदार पार्टी ने तो हमारे लिए कमाल ही कर दिया भगवान के घर देर है, अंधेर नहीं।

भागवान तू तो रोज मेरी ईमानदारी पर ताना मारती थी, मुझे रिश्वत लेने पर विवश करती थी।

क्या बात करते हो जी? मैं तो आपसे मजाक करती थी, मुझे अच्छे से मालूम है कि ऑनेस्टी इस द बेस्ट पॉलिसी और इसी ईमानदारी ने आपको टिकट दिलवाया है।

मोटिवेशनल

## आत्म-अनुशासन ही सफलता की कुंजी



विपुल शर्मा

मोटिवेशनल स्पीकर

आज का युवा सफल होना चाहता है। अच्छा करियर, पहचान, सम्मान और आत्मनिर्भर जीवन। अवसर भी पहले से कहीं अधिक हैं, संसाधन भी उपलब्ध हैं, लेकिन इसके बावजूद असंतोष, भ्रम और असफलता की भावना बढ़ती जा रही है। इसका कारण प्रतिभा या अवसरों की कमी नहीं, बल्कि उस मूल गुण की अनदेखी है जिस पर सफलता टिकती है: आत्म-अनुशासन। हम अक्सर प्रेरणा की तलाश में रहते हैं। मोटिवेशनल वीडियो देखते हैं, किताबें पढ़ते हैं, सेमिनार सुनते हैं लेकिन सच्चाई यह है कि प्रेरणा क्षणिक होती है, जबकि आत्म-अनुशासन वह शक्ति है जो बिना प्रेरणा के भी हमें आगे बढ़ाता है। जब मन न हो, तब भी सही काम करना, यही आत्म-अनुशासन है। आत्म-अनुशासन का अर्थ है, आराम से बाहर निकलकर प्रयास करना, बहानों को पहचानकर उनसे ऊपर उठना और लक्ष्य के प्रति ईमानदार रहना। दुनिया का कोई भी सफल व्यक्ति केवल प्रतिभा या भाग्य के कारण नहीं, बल्कि अनुशासन के कारण आगे बढ़ा है। प्रतिभा अवसर दिला सकती है, लेकिन अनुशासन ही उस अवसर को परिणाम में बदलता है। आज की सबसे बड़ी चुनौती अवसरों की कमी नहीं है, बल्कि ध्यान भटकाने वाले साधनों की भरमार है। मोबाइल फोन, सोशल मीडिया, तुरंत सफलता की चाह और दूसरों से तुलना: ये सभी युवा को अस्थिर बनाते हैं। ऐसे समय में आत्म-अनुशासन ही वह कवच है, जो व्यक्ति को अपने लक्ष्य पर टिके रहने की शक्ति देता है। आत्म-अनुशासन किसी एक दिन में विकसित नहीं होता। यह रोज़ के छोटे-छोटे निर्णयों से बनता है। समय पर उठना, रोज़ कुछ नया सीखना, स्क्रीन टाइम को सीमित करना, जिम्मेदारी निभाना और खुद से किया गया वादा निभाना। यही छोटी आदतें लंबे समय में बड़े परिणाम देती हैं। आज का युवा चाहे प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहा हो, सरकारी नौकरी का सपना देख रहा हो, स्टार्टअप शुरू करना चाहता हो या किसी कौशल में विशेषज्ञ बनना चाहता हो- हर रास्ते की पहली शर्त आत्म-अनुशासन है। बिना अनुशासन के मेहनत बिखर जाती है। हमें यह भी समझना होगा कि असफलता अंत नहीं है। असफलता अक्सर अनुशासन की परीक्षा होती है। जो युवा गिरकर सीखता है और अनुशासन के साथ दोबारा उठता है, वही आगे चलकर मजबूत बनता है। आज जरूरत प्रेरणा से अधिक अनुशासन की है क्योंकि आत्म-अनुशासन ही वह आदत है, जो हर सपने को हकीकत में बदलने की ताकत रखती है।

लघु कथा

## नैतिकता



डॉ. तबस्सुम जहां

कहानीकार

'सर आपको जन्मदिन बहुत-बहुत मुबारक।'

ओह संगीता, बहुत शुक्रिया। क्या हमारे जन्मदिन पर मुंह मीठा नहीं कराओगी?

संगीता को खटका हुआ। सर के इस वाक्य का आशय वह भली-भांति जानती है। एक साल से वह झेल रही है कि उसके निर्देशक कैसे पढ़ाते -पढ़ाते बिना बात विषय प्रेम और सेक्स से जोड़ देते हैं। वह अक्सर उनकी इन हरकतों पर सकपका जाया करती थी। चूंकि संगीता एक खुद्दार और स्वाभिमानी लड़की थी इसलिए डॉ. विमल कुमार के किसी झांसे में नहीं फंसती थी। कभी सख्ती से उनसे बोल भी देती 'प्लीज़ सर मुझसे ऐसी बातें न किया करें।'

उनकी बातों के लिजलिजेपन को वो बीते एक साल से झेल रही थी पर पीएचडी अटक जाने के डर से न तो सुपरवाइज़र बदल सकती थी और न ही परिस्थितियों से भाग सकती थी। और डॉ. विमल कुमार थे कि जब-तब उसके सामने प्रेम आग्रह करते रहते।

उस दिन भी विमल कुमार ने उसे टोका- 'फिर क्या सोचा संगीता तुमने'

'माफ़ कीजिए सर, आप मेरे गुरु हैं, मैं आपको पिता तुल्य मानती हूं। मेरी नैतिकता इसकी इजाज़त नहीं देती। आप मेरे पिता समान हैं।'

'तो एक काम करो, तुम मुझे पिता समझ कर गले लगा लो और मैं तुम्हें अपनी गर्लफ्रेंड समझ कर गले लगा लेता हूँ।' दोनों की नैतिकता बची रहेगी।

संगीता के शरीर में काटो तो खून नहीं। वह आवाक़ रह गई। आज उसे नैतिकता का नया पाठ पढ़ाया गया है, वो भी शिक्षा के मंदिर में। उसने घृणा से सिर झुका लिया।

कुछ हटकर

## बी. टेक सीएससी के बाद करियर विकल्प



डॉ. मोहित बंसल

करियर कोच एवं मोटिवेशनल स्पीकर


डिजिटल युग के सबसे प्रतिष्ठित पेशे बी.टेक (कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग) एक चार वर्षीय स्नातक कार्यक्रम है जो विद्यार्थियों को कंप्यूटर सिस्टम, सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट, डेटा प्रोसेसिंग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और नेटवर्किंग जैसी आधुनिक तकनीकों की गहन समझ प्रदान करता है। इस कोर्स के दौरान विद्यार्थियों को प्रोग्रामिंग लैंग्वेज , डेटा स्ट्रक्चर, एल्गोरिद्म, डेटाबेस मैनेजमेंट, क्लाउड कंप्यूटिंग, साइबर सिक्योरिटी और मशीन लर्निंग जैसे विषय पढ़ाए जाते हैं। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को केवल कोडिंग सिखाना नहीं है, बल्कि उन्हें तकनीकी समस्या समाधान, तार्किक सोच, और नवाचार की दिशा में सक्षम बनाना है।

### उच्च शिक्षा के मौके

कंप्यूटर साइंस के क्षेत्र में अनेक शाखाएँ हैं, जिनके माध्यम से विद्यार्थी अपनी रुचि के अनुसार विशेषज्ञता प्राप्त कर सकते हैं। बी.टेक सीएसई के बाद विद्यार्थी अपनी पढ़ाई आगे बढ़ाकर विशेषज्ञता और करियर अवसर दोनों बढ़ा सकते हैं।

### उच्च शिक्षा कार्यक्रम

- मास्टर ऑफ टेक्नोलॉजी
- मास्टर ऑफ बिज़नेस एडमिनिस्ट्रेशन
- पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन डेटा एनालिटिक्स
- साइबर सिक्योरिटी, या क्लाउड कंप्यूटिंग
- अंतरराष्ट्रीय सर्टिफिकेशन
- अमेज़न वेब सर्विस
- माइक्रोसॉफ्ट अजोर
- गूगल क्लाउड
- सिस्को सीसीएनऐ
- कॉम्प टीए सिक्योरिटी



### आवश्यक कौशल

कंप्यूटर साइंस स्नातकों के लिए केवल तकनीकी ज्ञान पर्याप्त नहीं है। सफल करियर के लिए विद्यार्थियों में तार्किक एवं विश्लेषणात्मक सोच, समस्या समाधान और नवाचार की क्षमता, प्रोग्रामिंग एवं कोडिंग दक्षता, डेटा विश्लेषण एवं साइबर सुरक्षा समझ आदि क्षमताओं का होना आवश्यक है।

### निजी क्षेत्र में विकल्प

डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन के इस युग में बी.टेक सीइसई स्नातकों की मांग देश-विदेश दोनों में लगातार बढ़ रही है। टेक कंपनियां, बैंकिंग सेक्टर, फिनटेक, ई-कॉमर्स, और क्लाउड-आधारित उद्योगों में इनकी विशेषज्ञता की आवश्यकता होती है।

**ये मिल सकता है वेतन :** निजी क्षेत्र में प्रारंभिक वेतन 4 से 8 लाख वार्षिक के बीच होता है, जो अनुभव और विशेषज्ञता के साथ 15 से 25 लाख वार्षिक या उससे अधिक तक पहुँच सकता है। गूगल, माइक्रोसॉफ्ट, अमेज़न, इनफ़ोसिस, टीसीएस, एक्सेंचर, और आईबीएम जैसी कंपनियाँ इन स्नातकों को उत्कृष्ट अवसर प्रदान करती हैं।

### सरकारी क्षेत्र में मौके

सरकारी संस्थानों और सार्वजनिक उपक्रमों में भी कंप्यूटर साइंस स्नातकों के लिए अनेक अवसर उपलब्ध हैं। विद्यार्थी तकनीकी सेवाओं, अनुसंधान, साइबर सुरक्षा और डेटा प्रबंधन से जुड़ी सरकारी नौकरियों में योगदान दे सकते हैं।

**ये मिल सकता है वेतन :** सरकारी क्षेत्र में बैचलर ऑफ फार्मेसी स्नातक की प्रारंभिक आय 4 से 6 लाख वार्षिक होती है, जबकि उच्च पदों और अनुभव के साथ यह आय 12 से 15 लाख वार्षिक तक हो सकती है।

*किसी भी करियर का चुनाव करने से पहले किसी योग्य करियर सलाहकार से सलाह ज़रूर लें। अधिक जानकारी के लिए आप www.careerjaano.com पर भी विज़िट कर सकते हैं।*

## खबर संक्षेप

### कांग्रेस नेताओं ने सरकार पर बोला हमला

**बाढ़ड़ा।** पंचकूला स्थित ईडी अदालत द्वारा एजेएल मामले में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा व वरिष्ठ कांग्रेस नेता मोतीलाल वोहरा को आरोपों से मुक्त किए जाने के बाद कांग्रेस नेताओं ने सरकार पर तीखे सवाल खड़े किए हैं। पूर्व विधायक एवं वरिष्ठ कांग्रेसी नेता सोमवीर सिंह ने हलके के दौरे से लौटकर कहा कि साच को आंच नहीं होती यह फैसला उसी का प्रमाण है।

### रामपुरा में श्री बालाजी जागरण में उमड़े श्रद्धालु

**भिवानी।** गांव रामपुरा के श्री बालाजी मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान मौजिज ग्रामीणों की अध्यक्षता में चूरमे का प्रसाद बनाया गया और पूरे गांव में वितरित कर सभी को कार्यक्रम की बधाइयां दी गई। सुबह मंदिर प्रांगण में यज्ञ भी हुआ। जिसमें ग्रामीणों ने वेद मंत्रोच्चारण के साथ आहुतियां अर्पित कर सर्व मंगल कामनाएं की। रात्रि को विशाल जागरण में आमंत्रित कलाकारों ने श्री बालाजी की जन्म कथा भजनों के माध्यम से सुनाई। कलाकार राजेश थुरानिया ने भगवान श्री बालाजी के जन्म और उनकी बाल लीलाओं को कथा के माध्यम से दर्शाया। इसके साथ ही कलाकारों ने श्री राम बनवास के किस्से की रागनियां प्रस्तुत की।

### सुबह की शुरुआत हवन यज्ञ से हो :आर्य

**भिवानी।** स्वामी श्रद्धानन्द के बलिदान शताब्दी वर्ष एवं अपनी माता स्व. बाला देवी की 111वीं जयंती के अवसर पर भिवानी के प्रसिद्ध वैद्य बनवारी लाल आर्य के पुत्र विजय आर्य एवं विमलेश आर्य द्वारा आर्य कन्या उच्च विद्यालय में यज्ञ एवं भजनोपदेश का आयोजन करवाया गया। यज्ञ के ब्रह्म के रूप में ज्ञानचंद शास्त्री व प्रसिद्ध भजनोपदेशक उपेंद्र शास्त्री उपस्थित हुए। इस कार्यक्रम में जहां दिल्ली, चंडीगढ़, कलकत्ता, फरीदाबाद, उड़ीसा, रुद्रपुर इत्यादि से परिजन पहुंचे, वहीं नगर के गणमान्य व्यक्तियों ने पहुंच कर भजनों का आनंद उठाया और प्रसाद ग्रहण किया।

### स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए किया प्रेरित

**भिवानी।** भारतीय खेल प्राधिकरण खेल प्रशिक्षण केंद्र, भिवानी के संयुक्त तत्वावधान में विवार को कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आमजन में फिटनेस के प्रति जागरूकता फैलाना एवं स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देना रहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉक्टर नरेश कुमार गर्ग ( प्रधान, भिवानी) रहे। उनके नेतृत्व में साई केंद्र के खिलाड़ियों एवं शहर के गणमान्य नागरिकों ने उत्साहपूर्वक साइकिल रैली में भाग लिया। प्रतिभागियों ने पूरे जोश एवं ऊर्जा के साथ साइकिल चलाते हुए शहरवासियों को फिट एवं सक्रिय रहने का संदेश दिया।

### भर्ती मामले को लेकर जजपा करेगी जागरूक

**बाढड़ा।** हरियाणा लोकसेवा आयोग की भर्ती प्रक्रिया पूरी तरह मनमानी है और इससे युवाओं का भविष्य खतरे में आ गया है। जजपा के युवा कार्यकर्ता गांव गांव जाकर युवाओं को जागरूक कर सरकार से चयन प्रक्रिया में सुधार की मांग करेंगे तथा सुनवाई नहीं होने पर लंबा आंदोलन चलाया जाएगा। जननायक जनता पार्टी बाढ़ड़ा के कार्यकर्ता हल्का अध्यक्ष विजय श्योराण काकडोली ने बताया कि कार्यकर्ताओं ने पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत सिंह चौटाला के साथ बैठक कर युवाओं, किसानों के हितों के साथ किए जा रहे खिलवाड़ पर विस्तरपूवर्चक चर्चा की।

### शिविर में 67 लोगों के स्वास्थ्य की जांच की

**भिवानी।** विश्व मानव रूहानी केन्द्र शाखा भिवानी द्वारा डाबर कालोनी में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में डा. सुनिता दुहन की टीम सदस्यों ने अपनी सेवाएं देते हुए 67 मरीजों के बीपी, शुगर व अन्य बीमारियों की जांच की। संस्था के सदस्यों ने बताया कि संस्था संत बलजीत सिंह द्वारा सिखाए मार्ग पर चलती रहेगी।

---

## हर परिवार बीमारियों की जकड़ में : सांसद धर्मवीर सिंह

# शिविर में 700 से अधिक लोगों ने स्वास्थ्य जांच का लाभ उठाया

■ अंचल अस्पताल गर्भ में पलने वाले बच्चों के लिए शुरू करेगा गर्भ संस्कार कार्यक्रम : डॉ. विनोद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

दिनोद गेट स्थित अंचल अस्पताल, भिवानी एवं मेदांता हॉस्पिटल, गुरुग्राम के संयुक्त तत्वावधान में गांव आसलवास दुबिया स्थित सरस्वती विद्या विहार में आयोजित किया गया, जिसमें 700 से अधिक लोगों ने स्वास्थ्य जांच करवा लाभ लिया।

शिविर का मुख्य उद्देश्य पूर्व सैनिकों, उनके परिवारों तथा ग्रामीण क्षेत्र के नागरिकों को आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाएं उनके नजदीक उपलब्ध कराना रहा। शिविर में अनुभवी विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने आधुनिक उपकरणों की सहायता से मरीजों की विस्तृत जांच की। इस दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने शिविर में पहुंचकर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया।

अंचल अस्पताल के निदेशक डॉ. विनोद अंचल व सरस्वती विद्यालय के चेयरमैन राजबीर सिंह ने बताया कि शिविर में केवल सामान्य परामर्श ही नहीं, बल्कि कई महत्वपूर्ण स्वास्थ्य जांच भी निःशुल्क की गईं। इनमें ब्लड प्रेशर, शुगर, हीमोग्लोबिन, ईसीजी, फेफड़ों की जांच, एक्स-रे तथा हड्डियों से संबंधित जांच शामिल रहीं। कैंप के संयोजक डॉ विनोद अंचल ने कहा कि सांसद चौधरी धर्मवीर सिंह के आह्वान पर जल्द ही अस्पताल के द्वारा गर्भ में पल रहे बच्चों को शारीरिक एवं बौद्धिक रूप से मजबूत करने के लिए गर्भ संस्कार कार्यक्रम शुरू किए जाएंगे। जिसमें गर्भवती महिलाओं व उनके परिजनों को शामिल किया जाएगा।


भिवानी। आयोजित शिविर में फेफड़े की जांच करवाते सांसद।

### ऑर्गेनिक खेती की ओर बढ़ें किसान : सासद

*इस अवसर पर सांसद चौधरी धर्मबीर सिंह ने कहा कि स्वस्थ जीवन के लिए हमें ऑर्गेनिक खेती की ओर बढ़ना चाहिए, जिससे शुद्ध और पोषक आहार मिल सके। उन्होंने कहा कि सही खान-पान से न केवल शारीरिक स्वास्थ्य बेहतर होता है, बल्कि परिवारों में तनाव भी कम होता है और बच्चों में अच्छे संस्कार विकसित होते हैं। उन्होंने सामाजिक समरसता बनाए रखने पर भी बल दिया। सांसद ने कहा कि 30 वर्षों में हमारा समाज टूटा है ,पहले संयुक्त परिवार होते थे ,वह आज नहीं रहे । इसलिए सामूहिक परिवारों की जरूरत है ।*

### स्वास्थ्य के लिए सजग होना बहुत जरूरी है : शर्मा

*कार्यक्रम में हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉक्टर पवन शर्मा ने शरीर कि क्रियाओं, हार्मोन ऑक्सीजन और फाइबर फूड पर बोलते हुए कहा कि व्यक्ति को स्वास्थ्य के लिए सजग होना बहुत जरूरी है । वही इस अवसर पर अंचल अस्पताल के डायरेक्टर डा. विनोद अंचल व सीनियर सर्जन डा. कृष्ण कुमार ने विद्यालय चेयरमैन राजबीर व निदेशक अभिषेक का सफल आयोजन पर आभार जताया। वहीं इस अवसर पर विद्यालय के डायरेक्टर अभिषेक कालीरमण ने सभी अतिथियों, डॉक्टरों और ग्रामीणों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के शिविर समाज के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होते हैं*

### शिविर में इन्होंने दी सेवाएं

इस अवसर पर विद्यालय चेयरमैन राजबीर सिंह, निदेशक अभिषेक कुमार,विद्यालय प्रशासक जोगेंद्र भारद्वाज, डॉ कृष्ण कुमार, प्राइवेट स्कूल वैलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष रामअवतार शर्मा, डॉ विनोद अंचल, (डायरेक्टर, अंचल अस्पताल), कृष्ण कुमार (सीनियर सर्जन), डॉ लक्ष्य यादव (सीनियर कंसल्टेंट), डॉ अक्षरा मिश्रा (स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ), डॉ जीतेंद्र सैनी (ऑर्थोपेडिक सर्जन), डॉ अनिता अंचल (सीनियर स्त्री रोग विशेषज्ञ), डॉ सौम्या श्रीवास्तव (नवजात एवं शिशु रोग विशेषज्ञ), डॉ प्रियांशु शर्मा (जनरल फिजिशियन, मेदांता), डॉ हिमांशु पुनिया (जनरल फिजिशियन, मेदांता) तथा डॉ रजत कुमार (जनरल फिजिशियन, मेदांता) ने अपनी सेवाएं दीं।

---


भिवानी। सांसद को ज्योतिबा फूले जयंती समारोह का निमंत्रण देते समाज के लोग।

## महात्मा ज्योतिबा फूले जयंती समारोह के लिए सांसद को दिया न्योता

■ सैनी कल्याण परिषद के कार्यक्रम में मंत्री श्रुति चौधरी होंगी मुख्यातिथि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

महान समाज सुधारक और आधुनिक शिक्षा के अग्रदूत महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती को लेकर सैनी कल्याण परिषद के पदाधिकारियों व सदस्यों में भारी उत्साह है तथा जोर-शोर से निमंत्रण अभियान चलाया जा रहा है, ताकि इस वर्ष के समारोह को ऐतिहासिक रूप दिया जा सकें।

इसी कड़ी में परिषद के प्रतिनिधिमंडल ने परिषद के प्रधान भूप सिंह सैनी के नेतृत्व में भिवानी-महेंद्रगढ़ से सांसद चौ. धर्मबीर सिंह को निमंत्रण दिया। सांसद ने निमंत्रण को सहर्ष स्वीकार करते हुए समारोह में शिरकत करने की पुष्टि की। परिषद के प्रधान भूप सिंह सैनी ने बताया कि जयंती समारोह का आयोजन 11 अप्रैल को सुबह 10 बजे स्थानीय हनुमान ढाणी स्थित सैनी धर्मशाला में किया जाएगा। कार्यक्रम में हरियाणा सरकार की मंत्री श्रुति चौधरी मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगी, जिन्होंने पहले ही अपना निमंत्रण स्वीकार कर लिया है। प्रधान भूप सिंह सैनी ने कहा कि इस वर्ष का आयोजन केवल एक पारंपरिक समारोह मात्र नहीं है, बल्कि यह समाज के लिए प्रेरणा का पर्व होगा। सैनी कल्याण परिषद ने संकल्प लिया है कि इस बार हम उनकी जयंती को धार्मिक और सामाजिक उत्सव के साथ-साथ शिक्षा के पर्व के रूप में मनाएंगे। इस मौके पर उपप्रधान ओमप्रकाश सैनी ने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि हमारा मुख्य उद्देश्य नई पीढ़ी तक यह संदेश पहुंचाना है कि शिक्षा ही उन्नति का एकमात्र मार्ग है। यदि समाज को सशक्त बनाना है, तो हमें ज्ञान और बौद्धिक विकास को प्राथमिकता देनी होगी।

---

पूर्व सांसद चौ रणजीत सिंह, डीआईजी राजेश दुग्गल ने भी जताया शोक

## किसानों के हकों के लिए जीवनपर्यंत संघर्षरत रहे जंगबीर सिंह : टिकैत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

प्रख्यात किसान नेता राकेश टिकैत पूर्व सांसद चौ रणजीत सिंह,डी आई जी राजेश दुग्गल,पूर्व विधायक बलवंत मायना और सूचना आयुक्त डॉ कुलबीर चिक्कारा सहित सैंकड़ो लोगो ने आज चौ जंगबीर सिंह को श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

किसान नेता राकेश ने पूर्व सांसद चौधरी जंगबीर सिंह के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए उन्हें किसानों की आवाज़ और अधिकारों के सशक्त प्रहरी के रूप में याद किया। उन्होंने कहा कि चौधरी जंगबीर सिंह ने अपना पूरा जीवन किसान वर्ग के हितों की रक्षा और उनकी समस्याओं को उठाने में समर्पित कर दिया।

राकेश टिकैत ने शोक संदेश में कहा कि चौधरी जंगबीर सिंह केवल एक राजनेता नहीं थे, बल्कि वे किसानों के सच्चे हितैषी और मार्गदर्शक थे। उन्होंने हर मंच पर किसानों की समस्याओं को मजबूती से उठाया और उनके अधिकारों के लिए निरंतर संघर्ष किया। पूर्व सांसद रणजीत सिंह ने कहा कि चौधरी जंगबीर सिंह के निधन से न केवल किसान समाज, बल्कि पूरे प्रदेश और देश ने एक सशक्त, निडर और जनहितैषी नेता को खो दिया है, जिसकी भरपाई कर पाना कठिन है। डी आई जी राजेश दुग्गल ने जंगबीर सिंह को राजनैतिक और सामाजिक चेतना का अग्रदूत बताया। उन्होंने कहा कि मैं अपने कॉलेज के दिनों में उनके पुत्र कमल प्रधान के साथ कई बार मिला। उन्होंने हर बार आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। सूचना आयुक्त डॉ कुलबीर चिक्कारा ने कहा कि चौधरी जंगबीर सिंह का जीवन संघर्ष, समर्पण और सेवा का प्रतीक था।


भिवानी। पूर्व सांसद के निधन पर शोक जताते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

---

## वीरेंद्र बापोड़ा को ग्रामीण व शिव कुमार चांगिया को शहरी अध्यक्ष की जिम्मेदारी

### नई नियुक्तियों से संगठन को मिलेगी मजबूती और नई ऊर्जा:अनिरूद्ध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

■ कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने लड्डू बांटकर जताई खुशी

हरियाणा में आगामी राजनीतिक चुनौतियों को देखते हुए कांग्रेस पार्टी ने अपने संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करना शुरू कर दिया है। इसी कड़ी में कांग्रेस पार्टी द्वारा अनुसूचित जाति विभाग के जिला शहरी और ग्रामीण अध्यक्षों की महत्वपूर्ण नियुक्तियां की गई हैं। वीरेंद्र बापोड़ा को जिला ग्रामीण अध्यक्ष और शिव कुमार चांगिया को जिला शहरी अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। नियुक्ति की घोषणा होते ही स्थानीय कांग्रेस कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखा गया तथा ग्रामीण जिला अध्यक्ष कांग्रेस कार्यालय में लड्डू बांटकर नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई दी गई।

अपनी नई जिम्मेदारी संभालने के बाद वीरेंद्र बापोड़ा और शिव कुमार चांगिया ने पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त की। उन्होंने विशेष रूप से राजेंद्र पाल गौतम राष्ट्रीय अध्यक्ष एससी विभाग, राव नरेंद्र सिंह प्रदेशाध्यक्ष, चौ. भूपेंद्र सिंह हुड्डा नेता प्रतिपक्ष, दीपेंद्र सिंह हुड्डा सांसद, प्रदीप नरवाल राष्ट्रीय सचिव, मनोज बागड़ी प्रदेशाध्यक्ष एससी विभाग, अनिरुद्ध चौधरी ग्रामीण जिला अध्यक्ष व प्रदीप गुलिया शहरी जिला अध्यक्ष का आभार जताया। ग्रामीण जिला अध्यक्ष अनिरुद्ध चौधरी व शहरी जिला अध्यक्ष प्रदीप जोगी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि वीरेंद्र बापोड़ा और शिव कुमार चांगिया की नियुक्ति से भिवानी में कांग्रेस का हाथ और मजबूत होगा। पार्टी ने हमेशा समर्पित कार्यकर्ताओं को मान-सम्मान दिया है।


भिवानी। नवनियुक्त पदाधिकारियों को सम्मानित करते हुए।

---

## फर्जीवाड़े का बहाना बनाकर मजदूरों का लाभ रोकना बंद करें: सदीक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

■ पिछले 9 महीने से बंद है पोर्टल, मजदूरों के अधिकार पर डाका डाले बैठी है सरकार। मजदूर फिर उतरेंगे सड़कों पर

भवन निर्माण कामगार यूनियन हरियाणा, भिवानी के जिला प्रधान सदीक डाढ़म व जिला सचिव कॉमरेड अनिल कुमार ने कहा कि पिछले 9 महीने से मजदूरों के लाभ रुके हुए हैं और बहन यह बहाना फर्जीवाड़े का लिया जा रहा है जबकि अभी तक सरकार ने ठोस रूप में किसी भी दलाल या अधिकारी पर कार्रवाई नहीं की है, उल्टा हर रोज नई बयान बाजी करके मजदूरों के ही लाभ रोक कर उनको ही जिम्मेदार ठहराया जा रहा है। फर्जीवाड़े का बहाना बनाकर लाखों असली निर्माण मजदूरों के पंजीकरण, पेंशन, शिक्षा सहायता, मातृत्व लाभ, औजार सहायता, दुर्घटना सहायता और अन्य कल्याणकारी योजनाओं पर रोक लगाना पूरी तरह अन्यायपूर्ण है। भवन निर्माण कामगार यूनियन, सरकार से मांग करती है कि भ्रष्ट अधिकारियों, बिचौलियों और फर्जी पंजीकरण कराने वाले गिरोहों पर कार्रवाई की जाए, परंतु इसका खामियाजा मेहनतकश मजदूरों को न भुगतना पड़े। जिन मजदूरों ने वर्षों तक निर्माण स्थलों पर पसीना बहाकर बोर्ड में अपना पंजीकरण कराया है, उन्हें योजनाओं से वंचित करना उनके अधिकारों की सीधी लूट है। सरकार तुरंत बंद किए गया पोर्टल खोले और बकाया लाभों को जारी करे, सत्यापन की प्रक्रिया को सरल और पारदर्शी बनाए तथा मजदूरों को बिना देरी सभी लाभ जारी करे। फर्जीवाड़े की जांच के नाम पर योजनाएं बंद करना मजदूर विरोधी कदम है, जिसे यूनियन किसी भी हालत में स्वीकार नहीं करेगी। हम साफ कहना चाहते हैं कि घोटालेबाजों को सजा दो, मजदूरों को नहीं। फर्जीवाड़े के जिम्मेदार लोगों को बचाकर मजदूरों पर कार्रवाई करना अन्याय है।

---

## रसोई गैस की किल्लत नहीं तो लोग क्यों लगे हैं लाइन में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



महिला कांग्रेस की पूर्व प्रदेश महासचिव सविता मान ने कहा कि इजराल-ईरान युद्ध के कारण सरकार ने घरेलू गैस सिलेंडर की कीमत बढ़ा करके रसोई के बजत में बढ़ोतरी की है। एक तरफ तो सरकारी अधिकारी ब्यान दे रहे हैं कि रसोई गैस पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है लेकिन धरातल पर देखा जाए तो गैस उपभोक्ता गैस एजेंसी के बाहर सुबह से लेकर शाम तक लाइन में नजर आ रहे हैं। यदि रसोई गैस की किल्लत नहीं है तो लोगों को लाइनों में क्यों लगना पड़ रहा है? सरकार को इसका जवाब देना चाहिए। उन्होंने कहा कि लोग अपने काम धंधे छोडक़र दुकानदार, नौकरीपेश, दिहाड़ीदार घरेलू गैस के लिए गैस एजेंसी के बाहर लाईन में खड़ा है। उन्होंने कहा कि इजराइल-ईरान युद्ध से पश्चिम बंगाल चुनाव में भाजपा फायदा उठाएगी तथा चुनावों के बाद अन्य सभी खाद्य पदार्थों में भी वृद्धि होगी जो जनता की जेब पर भारी बोझ पड़ेगा। चुनाव के मध्यनजर पेट्रोल, डीजल व खाद्य पदार्थों पर नियंत्रण किया गया है लेकिन हाल ही में पश्चिम बंगाल व अन्य प्रदेशों में होने वाले विधानसभा चुनावों के बाद जनता को महंगाई का सामना करना पड़ेगा। इसका असर सीधा आमजन पर पड़ेगा।

---

## भगवान श्रीराम के अयोध्या आगमन का प्रसंग सुनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

■ 9 दिवसीय 62वें वार्षिक महोत्सव एवं श्रीराम कथा ज्ञान यज्ञ का समापन रविवार को श्रद्धा के साथ संपन्न हो गया

पंचनंद चौक स्थित संकट मोचन रंगीला हनुमान मंदिर परिसर में अमर शहीद मदनलाल ढींगड़ा सभागार में आयोजित 9 दिवसीय 62वें वार्षिक महोत्सव एवं श्रीराम कथा ज्ञान यज्ञ का समापन रविवार को श्रद्धा व भक्ति भाव के साथ संपन्न हो गया। यह आयोजन परम श्रद्धेय संत श्री श्री 1008 स्वामी रामानंद महाराज के पावन आशीर्वाद एवं पूज्य स्वामी मंगलानंद महाराज की कृपा से आयोजित किया गया। समापन अवसर पर श्रीधाम वृंदावन से पधारे विख्यात कथावाचक पं. चन्द्र प्रकाश शास्त्री (ठाकुर जी) ने भगवान श्रीराम के अयोध्या आगमन एवं राजतिलक का भावपूर्ण वर्णन करते हुए कथा का समापन कराया।

उन्होंने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए श्रीराम के आदर्शों, मर्यादा, सेवा, त्याग एवं समर्पण को अपने जीवन में अपनाने का संदेश दिया। सनातन धर्म सभा, संकट मोचन हनुमान मंदिर ट्रस्ट एवं महिला मंडल के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस धार्मिक अनुष्ठान में रामचरित मानस की गूढ़ व्याख्या के माध्यम से श्रद्धालुओं को धर्म, संस्कार एवं जीवन मूल्यों की प्रेरणा दी गई। कथा के उपरांत आदर्श धर्मशाला में भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें नगर एवं आसपास के क्षेत्रों से आए हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। रविवार की कथा में यजमान की भूमिका राजेश सिंगल, दर्शना अर्जुन देव प्रधान, अंजू करन सचदेवा, आशा वासदेव आनन्द, शुभम सोनिया सुरेन्द्र मुंजाल, नीलम अर्जुन सनेजा, कैलाश मनोहर नारंग, सुदेश देसराज मदान ने निभाई।

---

## भाजपा आज मनाएगी अपना स्थापना दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहल



■ कार्यकर्ता अपने घरों पर पार्टी का ध्वज फहराएंगे

भाजपा नेता हनुमान शर्मा ने कहा कि 6 अप्रैल को भाजपा का 47 वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया जाएगा। इस दिवस को मनाने के लिए बहल मंडल भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह बना हुआ है। कार्यकर्ता स्थापना दिवस पर अपने घरों पर पार्टी का ध्वज फहराएंगे और बूथ लेवल पर लोगों से मुलाकात करेंगे।

उन्होंने बताया कि 6 अप्रैल 1980 को भारतीय जनसंघ से निकलकर भाजपा अस्तित्व में आई थी। उस दिन के बाद पार्टी ने अपने राष्ट्र उत्थान और सामाजिक सरोकारों से जुड़कर जनसेवा के लिए संकल्पित है। उन्होंने कहा कि पार्टी द्वारा 7 अप्रैल से 12 अप्रैल तक /"गांव चलो, बस्ती चलो/" अभियान चलाया जाएगा जो पार्टी के मूल विचार 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' को धरातल पर उतारने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है। इस अभियान के माध्यम से पार्टी कार्यकर्ता गांव-गांव और बस्ती-बस्ती जाकर केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी लोगों तक पहुंचाएंगे। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे पूरे उत्साह और समर्पण के साथ इस अभियान में भाग लें और समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचकर पार्टी की नीतियों और उपलब्धियों को पहुंचाएं।

---

**विमर्श** प्राइवेट स्कूल्स वेलफेयर एसोसिएशन हरियाणा की राज्य स्तरीय बैठक संपन्न

बैठक की अध्यक्षता रामअवतार शर्मा ने की तथा मंच संचालन दलशेर लोहान ने किया

## बैठक में शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम की विस्तृत रूपरेखा तैयार की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

प्राइवेट स्कूल्स वेलफेयर एसोसिएशन हरियाणा की राज्य स्तरीय बैठक में "शिक्षा, संस्कार, संस्कृति एवं प्राकृतिक खेती" विषय पर होने वाले शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम को विस्तार से चर्चा की गई। यह बैठक शिशु भारती हाई स्कूल, कृष्णा कॉलोनी, भिवानी में सफलतापूर्वक संपन्न हुई।

बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष रामअवतार शर्मा ने की तथा मंच संचालन दलशेर लोहान द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्रदेशभर से विभिन्न जिलों के पदाधिकारी एवं निजी स्कूल संचालक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। बैठक में विशेष रूप से 21 अप्रैल को हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड, भिवानी द्वारा आयोजित "शिक्षा, संस्कार, संस्कृति एवं प्राकृतिक खेती" विषय पर होने वाले शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम को लेकर विस्तृत रूपरेखा तैयार की गई। इस कार्यक्रम में गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत द्वारा शिक्षकों को प्राकृतिक खेती के विषय में प्रशिक्षण दिया जाएगा। बैठक में सभी जिला एवं ब्लॉक प्रधानों से अपील की गई कि वे अपने-अपने क्षेत्रों से अधिक से अधिक शिक्षकों की भागीदारी सुनिश्चित करें। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि 21 अप्रैल के कार्यक्रम में शिक्षकों के लिए भोजन, शौचालय एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं का समुचित प्रबंध किया जाएगा, ताकि सभी प्रतिभागियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। वक्ताओं ने कहा कि आज के समय में ज़हरमुक्त खेती (प्राकृतिक खेती) को बढ़ावा देना अत्यंत आवश्यक है और यह कार्यक्रम इस दिशा में एक ऐतिहासिक पहल साबित होगा। बैठक में अवैध रूप से संचालित हो रही अकैडमियों) के विषय पर गंभीर विचार-विमर्श हुआ तथा सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि प्राइवेट स्कूल ऐसे अकैडमियों के विद्यार्थियों को अपने यहां समायोजित नहीं करेंगे।



भिवानी। आयोजित बैठक में उपस्थित एसोसिएशन के पदाधिकारी। *फोटो: हरिभूमि*

### बैठक में ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर जींद के जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम शर्मा, प्रदेश महासचिव दलशेर लोहान, सुनील खोखर, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य राजेश, श्रद्धानंद शर्मा, राजेश शास्त्री, दादरी के जिला अध्यक्ष सुरेश सांगवान, सोनीपत के जिला अध्यक्ष सुरेंद्र सरोहा, मीना नरवाल, फरीदाबाद के जिला अध्यक्ष, लोहारू के प्रधान नरेश ठुकराल, सिवानी ब्लॉक के प्रधान बदन सिंह सहित भिवानी ब्लॉक के अनेक स्कूल संचालक उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप



### अब तक मंडियों में 7669 क्विंटल गेहूं की आवक

**बाढड़ा।** कस्बे कि अनाज मंडी में रविवार तक 176 किसानों को गेट पास जारी होने के बाद 7669 क्विंटल गेहूं की आवक दर्ज की गई है। अब तक न तो गेहूं की खरीद शुरू हुई ना ही उठान हुआ है। रविवार को 77 किसानो के गेट पास जारी हुए।आढति मंजीत नांधा, अनिल, योगेश, सुभाष,अशोक, नवीन, करपाल, कृष्ण आदि ने बताया कि ना तो अब तक मंडी वारदाना नहीं पहुंचा है। वही बरसात के कारण किसानों के गेहूं में नमी बनी हुई है इस लिए किसानों को नियमों में भी राहत दी जाए ताकि किसान समय पर अपना अनाज मंडी में बेच सके। उन्होंने बताया कि सरकारत के कारण गेहूं में नमी बनी हुई है।

### बेजुबानों के लिए पेड़ों पर लटकवाए पानी के सिकोरे

**चरखी दादरी।** गांव बादल निवासी व वर्तमान में खेडी बतर के राजकीय विद्यालय में बतौर विज्ञान अध्यापक कार्यरत मास्टर रविंद्र सांगवान ने कहा कि हांलाकि वर्तमान वर्ष में अभी तक गर्मी ने अपने पूरे तेवर नहीं दिखाए है लेकिन समय बीतने के साथ ही सूरज के तेवर तल्ख हो रहे हैं, पारा चढ़ रहा है, इंसानों के साथ-साथ पशु पक्षी भी बेहाल हैं। तपती दोपहर में दाने और पानी की तलाश में भटकते इन बेजुबान पक्षियों को राहत देने के लिए एक छोटी सी पहल बड़ी जान बचा सकती है। इन बेजुबानों के लिए हम कम से कम इतना तो कर ही सकते है कि अपने घरों व आसपास के छायादार स्थानों पर इनके लिए सकारों में दाना पानी इनके प्राकृतिक आवास के निकट ही उपलब्ध करवा सके।

### 12 को राधा स्वामी आश्रम हांसी में होगा सत्संग

**भिवानी।** राधा स्वामी दिनोद के परम संत कंवर साहब जी महाराज आगामी 12 अप्रैल को हांसी के राधा स्वामी आश्रम में सत्संग का आयोजन किया जाएगा यह जानकारी राधा स्वामी सत्संग दिनोद के सेवादार संदीप खरकिया ने उन्होंने बताया कि गुरु महाराज जी संगत को सत्संग एवं आशीर्वाद देंगे भिवानी रोड पर आयोजित राधा स्वामी आश्रम में सत्संग के दौरान भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा। सत्संग में आसपास क्षेत्र से हजारों की संख्या में राधा स्वामी के श्रद्धालु भाग लेंगे।

## दस किलोमीटर के दायरे में आने वाले गांवों के लोगों को छूट देने की मांग

# टोल फ्री को लेकर महापंचायत ने मैनेजर को सौंपी 20 गांवों की सूची

15 दिनों का मांगा मैनेजर ने समय, समाधान नहीं हुआ तो होगा आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



बवानीखेड़ा में टोल प्लाजा पर दस किलोमीटर के दायरे में रहने वाले लोगों का टोल फ्री करने की मांग को लेकर हरियाणा जागृति मोर्चा के बैनर तले महापंचायत का आयोजन किया। महापंचायत में सभी लोगों से सलाह मशविरा करने के बाद दस किलोमीटर के दायरे में आने वाले 20 गांवों की सूची टोल मैनेजर को सौंपी। इस पर महापंचायत में आकर टोल मैनेजर सुकेश कुमार ने 15 दिन का समय मांगा है। वे इस दरम्यान आला अधिकारियों से बातचीत करके तय कर पाएंगे। इस दौरान महापंचायत के लोगों ने चेतावनी भी दी कि अगर उनकी मांगों को पूरा नहीं किया गया तो वे जल्द ही आंदोलन का ऐलान करने पर मजबूर होंगे। जिसकी जिम्मेदारी टोल व एनएचआई के अधिकारियों की होगी।

रविवार को बवानीखेड़ा स्थित टोल से करीब पांच सौ मीटर दूर हरियाणा जागृति मोर्चा, किसान सभा ,बहमाण सभा,राजपूत सभा, संत शिरोमणी गुरु रविदास सभा,टैक्सी स्टैंड एसोसिएशन बवानीखेड़ा व बलियाली के सदस्यों ने रामकिशन काजल, नेपाल सिंह तंवर, राजेंद्र धायल, उमेश भारद्वाज की संयुक्त अध्यक्षता में महापंचायत आयोजित हुई। महापंचायत में मंच संचालन राजेश कूंगड व जयबीर आल्हान ने किया। महापंचायत के संयोजक हरियाणा जागृति मोर्चा के अध्यक्ष एवं अधिवक्ता राजेश सिंधू रहे। महापंचायत में सबसे पहले 22 मार्च को हुई महापंचायत में उठाए गए मुद्दों पर चर्चा हुई। साथ ही टोल मैनेजर द्वारा दिए गए भरोसे पर कार्रवाई की समीक्षा की गई। इस दौरान महापंचायत में टोल मैनेजर सुकेश कुमार से भी बातचीत हुई। सुकेश कुमार ने महापंचायत में बताया कि वे केवल पांच किलोमीटर के दायरे में रहने वाले लोगों को ही इस सुविधा का फायदा दे सकते है,लेकिन महापंचायत ने अन्य टोल पर दी 15 किलोमीटर तक दी गई छूट का उदाहरण देते हुए छूट मांगी।

महापंचायत ने टोल मैनेजर से दस किलोमीटर के दायरे में आने वाले गांवों के लोगों को टोल में छूट देने की मांग की। इस पर टोल मैनेजर ने दो सप्ताह का वक्त मांगा है। चूंकि इस मामले को लेकर अपने आला अधिकारियों से बातचीत करने के बाद ही इस बारे में कुछ बता पाएंगे। बाद में महापंचायत ने सभी मौजूद लोगों से सलाह मशविरा करके 26 अप्रैल को फिर महापंचायत बुलाई जाएगी और मामले की समीक्षा की जाएगी। अगर उनकी मांग पूरी नहीं की गई तो वे उसी दिन आंदोलन का ऐलान करने पर मजबूर होंगे।

### महापंचायत में ये रहे मौजूद

महा पंचायत में संतू सिंह प्रधान ,पूर्व पार्षद मीना चौपड़ा सिंधू ,जोगेन्द्र तालू, विकाश अजमेर,रमेश, रिंकू मक्कड़ ,वजीर, पवन, दीपक , कस्वा से सतबीर राजेश शर्मा, सोनू, छोटू ,कुलदीप , मास्टर हनुमान रोहिला ,मास्टर नानड़ काजल, बनवारी नायक, रामनिवास ,रमेश पाराशर आदि मौजूद थे।

### सूची में ये गांव हैं शामिल

बवानीखेड़ा, जाटू लोहारी, बलियाली, सूई, सुमड़ा खेड़ा, पुर, सिवाड़ा, कूंगड़, भैणी, खेड़ी दौलतपुर, सिवाना, अलखपुरा, जीताखेड़ी, औरंगनगर, सज्जनपुर, मिलकपुर, बड़सी, सिकंदरपुर, चौरटापुर, जमालपुर व पपोसा शामिल है। इन गांवों में कुछ गांव तो बवानीखेड़ा से तीन व चार किलोमीटर की ही दूरी पर है। कुछ गांव छह सात किलोमीटर तथा बाकी गांव 10 किलोमीटर के दायरे में आते है।



भिवानी। आयोजित सत्संग में उपस्थित श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

# बच्चों का अच्छे संस्कारों से युक्त होना जरूरी: नागपाल

- साप्ताहिक कार्यक्रम में वार्षिक परीक्षाओं में अव्वल आने वाले बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

हांसी गेट स्थित संत निरंकारी सत्संग भवन में साप्ताहिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता जोनल इंचार्ज महात्मा संत बलदेव राज नागपाल ने की। इस कार्यक्रम में बाल संतों ने विशेष प्रस्तुतियां पेश करते हुए मिशन का संदेश भजनों कविता पाठ तथा व्याख्यान के माध्यम से प्रसारित किया। इस अवसर पर वार्षिक परीक्षाओं में अव्वल आने वाले बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया गया।

नागपाल ने फरमाया कि बच्चे हमारे देश का उज्ज्वल भविष्य है। बच्चे बड़े होकर समाज में अहम भूमिका निभाते हैं । इसलिए बच्चों का अच्छे संस्कारों से युक्त होना जरूरी है। सत्संग से जुड़े बच्चे सिर्फ सत्संग में गीत भजन तक ही सीमित नहीं रहते बल्कि पढ़ाई के क्षेत्र में भी अत्यंत उत्कृष्ट स्थान प्राप्त कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि बच्चे जब पूछते हैं कि परमात्मा कहां है तो समाज अक्सर उनके प्रश्नों को टाल देता है। उन्होंने कहा कि यही प्रश्न आगे चलकर जीवन का सबसे बड़ा उद्देश्य बन जाता है कि मैं कौन हूं मेरा लक्ष्य क्या है। इसका उत्तर केवल ब्रह्मज्ञान से ही मिलता है कि परमात्मा हर जगह है, घट घट में है। उन्होंने समझाया कि परमात्मा को केवल पूजा पाठ या विधियों तक सीमित नहीं किया जा सकता। जब तक ब्रह्म ज्ञान जीवन में नहीं आता तब तक वेद शास्त्रों में पढ़ी गई बातें केवल शब्द बनकर रह जाती हैं लेकिन सतगुरु की कृपा से जब ब्रह्मज्ञान हो जाता है तब इंसान को अपनी वास्तविक पहचान का बोध होता है फिर मनुष्य सच्चे अर्थों में इंसान बनता है।

सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज बच्चों को भी ब्रह्मज्ञान देकर बच्चों के मन में इंसानियत के बीज बो रहे हैं। उन्होंने समझाया कि भक्ति केवल कुछ समय की पूजा नहीं बल्कि जीने की अवस्था है। परमात्मा की अनुभूति को उम्र या परिस्थितियों पर डालना उचित नहीं क्योंकि जीवन की सांसों की कोई निश्चितता नहीं होती। संसार में रहते हुए घर परिवार और जिम्मेदारियों के बीच ही सेवा सत्संग सुमिरन को जीवन का आधार बनाना ही सच्ची

# दीपक ने मुक्केबाजी में जीता कांस्य पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी




चरखी दादरी। पदक विजेता को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

हाल ही में महाराष्ट्र में आयोजित राष्ट्रीय स्तरीय स्पर्धा में युवा मुक्केबाज दीपक सिंह ने कांस्य पदक जीतकर प्रदेश और जिले का नाम रोशन किया। इससे पहले भी राज्य स्तर व नेशनल लेवल पर दीपक अनेक मेडल जीत चुका है।

गौरतलब है कि मेजबान चैक निकट स्थित रुपाणा बॉक्सिंग क्लब में दीपक मुक्केबाजी का प्रशिक्षण पाते हुए लगातर खेल के जरिए शानदार प्रदर्शन कर रहा है। इससे पहले भी इस संस्था के अनेक युवा महिला व पुरुष मुक्केबाज खेल प्रेमियों को गौरव के क्षण उपलब्ध करवा चुके हैं। वर्तमान उपलब्धि पर मौजिज लोगों ने बधाई दी।

क्लब संचालक रघुवीर नंबरदार लाडावास व मुख्य कोच कैलाश गिल ने बताया कि हाल ही में महाराष्ट्र के पुणे में आर्मी स्पोटर्स इंस्टीटयूट द्वारा नेशनल लेवल की द्वितीय सी ओ ए एस बाक्सिंग कप का आयोजन किया गया था। यह ओपन चैम्पियनश थी, इसमें देश भर के मुक्केबाजों द्वारा अपनी चुनौती रखी गई थी।

क्लब के खिलाडी व वर्तमान में रेलवे की तरफ से खेलते हुए दीपक सिंह ने इसमें सीनियर वर्ग के तहत स्पर्धा में शिरकत करते हुए अपनी चुनौती सभी के सामने रखी थी। उसने भारवर्ग 65 से 70 केजी में अपने मुक्कों का दमखम दिखाया था। दीपक सिंह ने काफी शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने वर्ग में कांस्य पदक जीता है। इस उपलब्धि पर एसडीएम मनीष फोगाट, रामअवतार गिल मैनेजर, अशोक अहलावत, वॉलीबॉल कोच जिला खेल अधिकारी विष्णु भगवान, संमुद्र मलिक, वालीवाल कोच अशोक, डंपी पहलवान, दलबीर दलाल, अंतर्राष्ट्रीय बाक्सर राकेश, अंतर्राष्टीय खिलाडी सुखदेव सिंह, विजयपाल एवं समस्त चरखी दादरी जिला अधिकारी ने बहुत शुभकमनाएं दी।

# क्रेशर मालिक 8 को मिलेंगे मुख्यमंत्री नायब सैनी से

- खानक में आयोजित बैठक में लिया निर्णय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तोशाम

खानक पहाड़ में बिना किसी पूर्व सूचना के एचएसआईआईडीसी कंपनी द्वारा अचानक बंद किए गए, खनन कार्य की शुरुआत करवाने तथा अन्य मांगों को लेकर खानक के क्रेशर मालिक सिंचाई और महिला बाल विकास मंत्री श्रुति चौधरी के माध्यम से 8 अप्रैल को मुख्यमंत्री नायब सैनी से चंडीगढ़ में मुलाकात करेंगे। यह निर्णय खानक आयोजित क्रेशर मालिकों बैठक में लिया गया। बैठक में बड़ी संख्या में क्रेशर मालिको एकजुट होकर एचएसआईआईडीसी के इस निर्णय का विरोध किया। क्रेशर एसोसिएशन खानक -डाडम के प्रधान भीषम मेहता और क्रेशर मालिको ने बताया कि एचएसआईआईडीसी कंपनी ने 2 अप्रैल को शाम को पहाड़ से माल को जल्दी-जल्दी उठाने के के लिए क्रेशर मालिकों को कहा और 3 अप्रैल को ही सभी के पास मैसेज करके पहाड़ से गाड़ियां निकालने के आदेश दे दिए जबकि संबंध में कोई भी जानकारी या कारण नहीं बताया गया। यह पूरी तरह गलत आदेश थे। आए दिन पहाड़ में अलग-अलग कारणो को लेकर खनन कार्य बाधित होता रहता है खानक-डाडम में करीबन 150 क्रेशर इकाइयां है जो लगातार खनन कार्य न होने की वजह से बुरी तरह प्रभावित होती है। अचानक कार्य रोके जाने से क्रेशर बाजार में क्रेशर, रोड़ी - बजरी के दाम बढ़ गए है। इस वजह से आम ग्राहक दूसरे बाजारों को ढूंढने लगता है। हर महीने क्रेशर मालिकों को बड़ा नुकसान उठाना पड़ रहा है ।बिजली से लेकर मजदूर और कर्मचारियों को



तोशाम। बंदा पड़ा क्रेशर

वेतन देने के अलावा क्रेशर इकाइयों पर और बहुत से खर्च होते हैं जिस कारण क्रेशर मालिक आर्थिक परेशानियों से जूझ रहे हैं।

मीटिंग में सभी ने निर्णय लिया है की क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाली सिंचाई मंत्री श्रीमति श्रुति चौधरी के माध्यम से अपनी समस्याओं को लेकर 8 अप्रैल को मुख्यमंत्री जी से मुलाकात की

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर मीटिंग में राजेश मेहता, मन्नू महता, अवध श्योराण, रमेश श्योराण, पूर्व सरपंच अमर सिंह, बनवारी लाल,जय सिंह सिंधु, जयपाल पन्नू,विकास गोयल, मुकेश बजाज,अशोक पूनिया, नरेश जैन, सुनील महला, विजय, वीरेंद्र डांगी आदि उपस्थित थे।

## रुपये दोगुना करने के नाम पर साढ़े चार लाख की ठगी के दूसरे आरोपित को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**भिवानी।** थाना साइबर क्राइम भिवानी पुलिस टीम ने इन्वेस्टमेंट के नाम पर रुपये दोगुना करने का झांसा देकर लाखों की ठगी करने के मामले में दूसरे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। नरेश निवासी फरटिया ने थाना साइबर क्राइम भिवानी में ठगी की शिकायत दर्ज करवाई थी। शिकायतकर्ता ने बताया कि 12 सितम्बर को उसके मोबाइल पर अज्ञात व्यक्तियों द्वारा फोन किया गया, जिन्होंने कम्पनी में निवेश करने पर कुछ ही घंटों में पैसे दोगुने करने का लालच दिया। आरोपियों द्वारा बार-बार संपर्क कर उसे विश्वास में लेकर 4,50,000 की राशि निवेश करवाई गई। इसके बाद आरोपी लगातार और पैसे की मांग करने लगे, जिस पर उसे धोखाधड़ी का संदेह हुआ और उसने पुलिस में शिकायत दी। इसी मामले मे कार्रवाई करते हुए थाना साइबर क्राइम के जांच अधिकारी सहायक उप निरीक्षक प्रदीप कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने दूसरे आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान सोनू निवासी टिब्बा बस्ती, आदमपुर (हिसार) के रूप में हुई है।

## तीन दिवसीय राष्ट्रीय कला कार्यशाला एवं कला प्रदर्शनी आज से : डॉ. स्नेहलता

**भिवानी।** कला जीवन समिति भिवानी द्वारा महम रोड़ बाल भवन पब्लिक स्कूल के सामने स्थित पंडित सीता राम कॉलेज ऑफ एजुकेशन में 6 से 8 अप्रैल तक तीन दिवसीय राष्ट्रीय कला कार्यशाला एवं कला प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। समिति संस्थापक डॉ. स्नेहलता ने बताया कि समिति पिछले लगभग 7 वर्षों से कला के क्षेत्र में निरंतर कार्य कर रही है। अब तक हजारों विद्यार्थियों और कलाकारों को कला कार्यशालाओं, प्रदर्शनी और प्रशिक्षण कार्यक्रमों से लाभ मिला है। हमारे अधिकांश कार्यक्रम विद्यार्थियों और युवा कलाकारों के लिए निःशुल्क आयोजित किए जाते हैं। उन्होंने बताया कि हरियाणा सरकार के सहयोग से विभिन्न विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों और विद्यालयों में कला संबंधी कार्यक्रम आयोजित करते हैं। इसी कड़ी में भिवानी में तीन दिवसीय राष्ट्रीय कला कार्यशाला एवं कला प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। समिति का मुख्य उदेश्य सामाजिक सरोकारों के तहत छात्राओं को आत्मनिर्भर बनाना है। इस उद्देश्य से उन्हें ई-रिक्शा भी उपलब्ध करवा चुकी है।

## गोसेवा के संकल्प के साथ हुआ श्रीमद् भागवत कथा का आगाज

कलश यात्रा में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

छोटी काशी के नाम से प्रसिद्ध भिवानी के हनुमान ढ़ाणी स्थित हनुमान जोहड़ी मंदिर में भक्ति और सेवा की अविरल धारा बहने जा रही है। मंदिर परिवार द्वारा गौ-सेवा एवं संवर्धन के पावन उद्देश्य को समर्पित 7 दिवसीय श्रीमद भागवत कथा का शुभारंभ 6 अप्रैल से होगा। इस धार्मिक अनुष्ठान से पूर्व रविवार को शहर में भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें सैंकड़ों महिलाओं और श्रद्धालुओं ने बढ़-चढक़र भाग लिया। भागवत कथा के उपलक्ष्य में रविवार को हनुमान जोहड़ी मंदिर से एक विशाल कलश यात्रा शुरू हुई। सिर पर मंगल कलश धारण किए श्रद्धालु महिलाएं भजन-कीर्तन करते हुए शहर के विभिन्न चौराहों और हनुमान जोहड़ी सरोवर से होते हुए वापस मंदिर परिसर पहुंचीं। ढोल-नगाड़ों और धार्मिक जयकारों के बीच निकली इस यात्रा ने पूरे क्षेत्र को अध्यात्म के रंग में सराबोर कर दिया। यह कथा आयोजन मात्र एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि एक सिद्ध संकल्प की पूर्णता का प्रतीक है। बालयोगी महंत चरणदास महाराज के पावन सान्निध्य में निकाली जा रही अढ़ाई कोसी नगर परिक्रमा के 12 महीने सफलतापूर्वक पूरे होने की खुशी में इस भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। वही भागवत कथा का श्रवण करने से मनुष्य के विकारों का नाश होता है और उसे शांति मिलती है। महंत चरणदास महाराज के अनुसार आज के समय में युवा पीढ़ी को अपनी संस्कृति और गौ-सेवा के महत्व से जोडऩा अनिवार्य है।

### गोमाता में 33 कोटि देवी-देवताओं का वास

महंत चरणदास महाराज ने बताया कि 7 दिवसीय श्रीमद भागवत कथा 6 से 12 अप्रैल तक दोपहर 3 बजे से सांय 6 बजे तक किया जाएगा, जिसका उद्देश्य गौ-सेवा, गौ-संवर्धन एवं लोक कल्याण के प्रति लोगों को आकर्षित करना है। उन्होंने बताया कि श्रीमद भागवत कथा केवल मोक्ष का मार्ग ही नहीं दिखाती, बल्कि यह हमें जीव मात्र पर दया और सेवा का संदेश देती है। कथा के माध्यम से श्रद्धालुओं को बताया जाएगा कि गौ-माता में 33 कोटि देवी-देवताओं का वास होता है। गौ-सेवा से न केवल पुण्य फल की प्राप्ति होती है, बल्कि समाज में सात्विकता और समृद्धि का विस्तार होता है।

## रैली की तैयारियों में किसी प्रकार की कोई कमी न रहे: विधायक

# विधायक ने विकसित दादरी रैली की तैयारियों का लिया जायजा, व्यवस्थाओं को लेकर दिए निर्देश

- विधायक बोले-साफ-सफाई, पेयजल, शौचालय और चिकित्सा जैसी सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी



चरखी दादरी। रैली स्थल का निरीक्षण करते विधायक सुनील सांगवान व अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

विधायक सुनील सांगवान ने 11 अप्रैल को प्रस्तावित विकसित दादरी रैली को लेकर रविवार को नई सब्जी मंडी स्थित रैली स्थल का दौरा कर तैयारियों का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को रैली की व्यवस्थाओं को लेकर दिए निर्देश भी दिए। उनके साथ प्रशासनिक अधिकारियों व पार्टी पदाधिकारियों की टीम भी मौजूद रही। उन्होंने कहा कि रैली की तैयारियों में किसी प्रकार की कोई कमी न रहने पाए। अधिकारी पहले से ही इसका खाका तैयार करें। उन्होंने उक्त रैली को अब तक हुई रैलियों में सबसे ज्यादा भीड़ जुटने का दावा किया। चूंकि जनता में रैली के प्रति जबरदस्त उत्साह बना है।

विधायक ने यह भी कहा कि कार्यक्रम स्थल पर साफ-सफाई, पेयजल, शौचालय और चिकित्सा सुविधा जैसी मूलभूत व्यवस्थाएं भी सुनिश्चित की जाएं, ताकि दूर-दराज से आने वाले लोगों को परेशानी न हो। उन्होंने कहा कि रैली दादरी के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी। उन्होंने अधिकारियों से आपसी समन्वय बनाकर काम करने और हर व्यवस्था की नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील इंजीनियर, एसडीएम डॉ. विरेंद्र सिंह, डीएसपी धीरज कुमार सहित कई अधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### लोगों को किसी प्रकार की असुविधा न हो

विधायक सुनील सांगवान ने नई सब्जी मंडी में निरीक्षण के दौरान रैली स्थल पर मंच व्यवस्था, बैठने की व्यवस्था, पार्किंग, यातायात प्रबंधन और सुरक्षा व्यवस्था का विस्तृत जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि रैली में आने वाले लोगों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सभी जरूरी इंतजाम समय रहते पूरे कर लिए जाएं। उन्होंने कहा कि भीड़ को देखते हुए पार्किंग और ट्रैफिक प्लानिंग विशेष रूप से मजबूत होनी चाहिए।

## आवारा पशुओं के बाद अब बंदरों से मिलेगी राहत : सुन्दर अत्री

**भिवानी।** बवानीखेड़ा नगर पालिका द्वारा शहर में आवारा पशुओं को पकड़ने के अभियान के बाद अब बंदरों की समस्या से भी लोगों को राहत दिलाने की तैयारी की जा रही है। नपा प्रधान सुन्दर अत्री ने बताया कि शहर में लंबे समय से आवारा पशुओं और बंदरों के कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। नगर पालिका की टीम द्वारा लगातार अभियान चलाकर आवारा पशुओं को पकड़ने का कार्य किया और इन्हें स्थानीय गोशालाओं में भेजा गया जिससे शहर की सड़कों और बाजारों में काफी हद तक राहत मिली है व लोग भी काफी खुश नजर आ रहे हैं।

शिक्षा संस्कार चरित्र निर्माण
आर्यन कोचिंग
स्थाई एकेडमी (विश्वास का दूसरा नाम)
12वीं के बाद सरकारी नौकरी
नया बैच आरम्भ
अग्निवीर SSC रेलवे
हरियाणा पुलिस हरियाणा ग्रुप-डी CET
AIRFORCE NAVY ARMY
पता : बस स्टैंड के पास, चरखी दादरी
9050035973, 9812611926